RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 90 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,शनिवार, 26 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

# सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस का देशभर में हल्ला बोल, सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

## दिल्ली, पटना, लखनऊ, चंडीगढ़, जम्मू, गुवाहाटी, देहरादून, कोलकाता और मणिपुर में सड़कों पर महासंग्राम, कई जगह पुलिस से हुई झड़प, वाटर कैनन का हुआ इस्तेमाल...

नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस ने शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की। दिल्ली, पटना, लखनऊ, चंडीगढ़, जम्मू, गुवाहाटी, देहरादून, कोलकाता और मणिपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मार्च निकाला। कई जगह पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरिकेड लगाए और कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

### इंफाल में आंसू गैस, जम्मू में पुतला फूंका

पटना में विधानसभा के बाहर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इंफाल में चुनाव आयोग कार्यालय की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जम्मू में प्रदर्शनकारियों ने ज्ञानेश कुमार का पुतला भी फूंका।

### दिल्ली में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

दिल्ली में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग की ओर मार्च किया। प्रदर्शन की अगुवाई अध्यक्ष उदय भानु चिब ने की। पुलिस ने उन्हें और कई अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

### आरोपों पर सियासत तेज

कांग्रेस ने चुनाव आयोग के कामकाज में अनियमितता और मतदाता सूची से जुड़े मामलों में आपत्तियों की अनदेखी का आरोप लगाया है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि चुनाव आयोग के फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं।




### अब एनडीए में भी उठी आवाज, 3 सहयोगी दलों ने मांगी सफाई

**नई दिल्ली, आरएनएन।** मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग में कथित मतभेदों की खबरों के बीच बीजेपी के सहयोगी दलों ने भी आयोग से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास), टीडीपी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने कहा कि आयोग को उठ रहे सवालों और लोगों के संदेह दूर करने चाहिए। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर लोगों के मन में संदेह पैदा होना चिंता की बात है और मुख्य चुनाव आयुक्त को जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। वहीं, टीडीपी नेता लावु श्रीकृष्ण देवरायालु ने कहा कि पारदर्शिता और स्पष्टीकरण से चुनाव आयोग में जनता का भरोसा मजबूत होगा।

### वीआईपी वोटर ऐप और एसएसआर पर चुनाव आयोग की सफाई

**नई दिल्ली, आरएनएन।** चुनाव आयोग ने बीएलओ ऐप में जोड़े गए मार्क वीआईपी फीचर पर सफाई देते हुए कहा कि यह व्यवस्था पहले से जारी प्रक्रिया के तहत की गई है। 24 जून 2026 के सर्कुलर के अनुसार, पहले से चिन्हित वीआईपी मतदाताओं को मसौदा सूची में शामिल कर दावे-आपत्तियों के दौरान जरूरी दस्तावेज जुटाए जाएंगे। बिहार में वीआईपी को नोटिस जारी होने जैसी घटनाओं को रोकना भी इसका उद्देश्य है। वहीं, एसएसआर नहीं होने के सवाल पर आयोग ने कहा कि नए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया पूरे साल जारी रहती है। जून 2025 से जून 2026 के बीच 2.5 करोड़ नए मतदाता जोड़े गए। आयोग के मुताबिक, एसआईआर में मानव संसाधन लगाए जाने के कारण एसएसआर नहीं हो सका, लेकिन इससे 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया प्रभावित नहीं हुई।

### ज्ञानेश के परिवार में है आईएएस-आईपीएस और आईआरएस की फौज, 28 डॉक्टर भी

**नई दिल्ली, आरएनएन।** आगरा के मूल निवासी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं और जनवरी 2024 में सहकारिता मंत्रालय के सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका परिवार भी प्रशासन और चिकित्सा क्षेत्र में खास पहचान रखता है। उनकी बड़ी बेटी मेधा रूपम आईएएस अधिकारी हैं और उनके पति मनीष बंसल भी आईएएस हैं। छोटी बेटी अभिश्री आईआरएस अधिकारी हैं, जबकि उनके पति अक्षय लाबरू आईएएस हैं। परिवार में करीब 28 सदस्य डॉक्टर बताए जाते हैं। ज्ञानेश कुमार ने आईआईटी कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने गृह और रक्षा मंत्रालय समेत कई अहम जिम्मेदारियां संभालीं। ज्ञानेश कुमार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से जुड़े मामलों में भी अहम जिम्मेदारियां निभाई हैं।



### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

**नई दिल्ली, आरएनएन।** चुनाव आयोग के एसआईआर फैसले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह फैसला दो चुनाव आयुक्तों की कथित सहमति के बिना लिया गया। एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो अन्य चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद की खबरों के बाद मामला राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कांग्रेस ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ संसद के दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इससे पहले राहुल गांधी ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की थी।

**2 चुनाव आयुक्तों की कथित सहमति के बिना लिए गए एसआईआर के फैसले पर दायर हुई याचिका**

# मोदी बोले- हमें सिर्फ वोट बैंक पर ध्यान नहीं देना चाहिए...

## सेवा यात्रा में शामिल लोगों से कहा- समाज सुधार के लिए लगातार काम करना जिम्मेदारी

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा यात्रा में शामिल लोगों से बातचीत के दौरान कहा कि यात्रा के दौरान मिलने वाले अनुभव जीवन में नई ऊर्जा भरेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच जाकर उनसे जुडऩा और उनके अनुरूप खुद को ढालना अपने आप में महत्वपूर्ण अनुभव है।

अलग-अलग राज्यों के गांवों में जाकर भारत की विविधता और व्यापकता को करीब से समझा जा सकता है।प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने के साथ समाज सुधार के लिए भी लगातार काम किया। उन्होंने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई और बदलाव के लिए कदम उठाए। मोदी ने कहा कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं को भी समाज में लगातार सुधार के लिए काम करना चाहिए।उन्होंने कहा कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं को केवल अपने वोट बैंक पर ध्यान नहीं देना चाहिए और न ही चीजों को अपने आप चलने देना चाहिए। समाज में सफाई का काम करने वाले लोगों को सम्मान और अपनापन मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज के लिए उनकी सेवा सम्मान के योग्य है और इन मूल्यों को हर व्यक्ति और परिवार के जीवन में अपनाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन के लिए सात सूत्र बताए थे। उन्होंने कहा कि इन सूत्रों का स्मरण भाजपा कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देता है। ये सात सूत्र सेवाभाव, संतुलन, संयम, समन्वय, सकारात्मकता, संवेदना और संवाद हैं।

### जेन जी के साथ की भजन क्लबिंग, बजाई खंजरी

**नई दिल्ली, आरएनएन।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार शाम दिल्ली में आयोजित भजन क्लबिंग कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। इस दौरान जेन जी युवाओं ने भक्ति गीतों पर जमकर उत्साह दिखाया, जबकि प्रधानमंत्री मोदी खंजरी बजाते नजर आए। कार्यक्रम में मच गया शोर सारी नगरी रे, आरती कुंज बिहारी की, गिरधर कृष्ण मुरारी की और गले में बैजंती माला जैसे भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों के दौरान मौजूद युवा झूमते और तालियां बजाते नजर आए। कार्यक्रम के एक वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी दर्शकों के बीच पहली पंक्ति में बैठे दिखाई दिए। बाद में उन्होंने खंजरी बजाते हुए भजनों का आनंद लिया। प्रधानमंत्री ने भजन क्लबिंग का वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें जेन जी युवा भक्ति गीतों पर झूमते नजर आ रहे हैं। भजन क्लबिंग युवाओं, खासकर जेन जी के बीच उभरते आध्यात्मिक ट्रेंड के रूप में देखा जा रहा है। इसमें पारंपरिक भजनों और कीर्तन को आधुनिक संगीत और प्रस्तुति शैली के साथ पेश किया जाता है।



# मणिपुर में हिंसा जारी, सशस्त्र हमले में 4 लोगों की गई जान

## चर्च समेत नगा के 41 घर जलाए गए



नई दिल्ली

हिंसाग्रस्त मणिपुर में सशस्त्र हमले और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। कामजोंग जिले के पिलोंग गांव में गुरुवार को भारत-म्यांमार सीमा के पास हथियारबंद लोगों ने ग्रामीणों पर गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अधिकारियों के मुताबिक, हमलावर अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे और सीमा की ओर से गांव में दाखिल हुए थे। आशंका जताई गई है कि उनका संबंध म्यांमार स्थित कुकी नेशनल आर्मी-बर्मा (केएनए-बी) से हो सकता है। हालांकि, इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद तंगखुल नगा लॉन्ग ने अपने अधिकार क्षेत्र में 24 घंटे के बंद का आह्वान किया। संगठन ने हमले के लिए केएनए-बी के एक गुट और कुकी सशस्त्र समूहों को जिम्मेदार ठहराया है। उधर, कांगपोकपी जिले के माकुई इलाके में करीब 12 घंटे चली हिंसा के दौरान नगा समुदाय के 41 घर और एक चर्च जलाए जाने का दावा किया गया है।

ग्रामीणों ने कुकी उग्रवादियों पर आगजनी का आरोप लगाया है। सुरक्षा बलों पर समय पर हस्तक्षेप नहीं करने के आरोप भी लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

# मैकनैली भारत इंजीनियरिंग पर ईडी का शिकंजा

## रिजॉल्यूशन प्लान के 155 करोड़ कैश में से करीब 105 करोड़ रुपये के लेन-देन पर नजर, फेमा के तहत की जा रही जांच

नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने मैकनैली भारत इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड के रिजॉल्यूशन प्लान में लगाए गए 155 करोड़ रुपये के नकद निवेश में से करीब 104.5 करोड़ रुपये के लेन-देन की जांच शुरू की है। जांच के मुताबिक, रकम विश्व ग्रुप से जुड़ी कंपनियों और कुछ अन्य कंपनियों के जरिए कथित तौर पर मैकनैली भारत इंजीनियरिंग कंपनी तक पहुंचाई गई। ईडी इस मामले की फेमा के तहत जांच कर रही है। जांच में करीब 70 करोड़ रुपये ट्रोलेक्स इंडिया, 26.5 करोड़ रुपये अताश सप्लायर्स के जरिए सेमफिल एंटरप्राइजेज और 7.3 करोड़ रुपये रोज फाइनेंशियर्स एंड कमर्शियल्स को भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। ईडी सेमफिल की भूमिका और रकम को कई कंपनियों के जरिए भेजे जाने के कारणों की भी जांच कर रही है।

**विश्व ग्रुप से जुड़ी कंपनियों तक पहुंची रकम**

### रिजॉल्यूशन प्लान में 441 करोड़ का भुगतान

दिसंबर 2023 में एनसीएलटी ने मैकनैली भारत इंजीनियरिंग के 441 करोड़ रुपये के रिजॉल्यूशन प्लान को मंजूरी दी थी। इसमें 155 करोड़ रुपये का नकद निवेश शामिल था। बाद में एमवीपीएल ने मैकनैली भारत इंजीनियरिंग में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की।

# जमुई पीड़िता की फोटो शेयर करने के मामले में एक्शन

**पटना, आरएनएन।** जमुई में छेड़छाड़ की नाबालिग पीड़िता और उसके परिजनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय के आशुलिपिक सागर प्रसाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पटना के सचिवालय थाने में दर्ज शिकायत के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। 25 सितंबर को पीड़िता और उसके परिवार की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने की जानकारी मिली थी। बाद में तस्वीर अन्य प्लेटफॉर्म पर भी साझा की गई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सीएमओ स्टेनो के खिलाफ केस दर्ज किया है। तस्वीर को आगे प्रसारित करने वालों पर भी कार्रवाई की मांग की गई है।

**बिहार सीएमओ के स्टेनो पर एफआईआर दर्ज**

# यूपी चुनाव से पहले सपा और कांग्रेस में सीट बंटवारे पर पेंच

**लखनऊ, आरएनएन ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर मतभेद के संकेत हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि गठबंधन जारी रहेगा, लेकिन सीटों का बंटवारा जीतने की क्षमता के आधार पर होना चाहिए। वहीं, कांग्रेस गठबंधन में 150 से ज्यादा सीटों की मांग कर रही है।

# टीएमसी के बागी सांसदों को 15 दिन की मोहलत

**कोलकाता, आरएनएन।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी सांसदों को जवाब दाखिल करने के लिए 15 दिन की मोहलत दी है। अब उन्हें 8 अक्टूबर तक अपना जवाब देना होगा। बागी सांसदों ने 22 अक्टूबर तक 30 दिन का समय मांगा था। टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने इन 20 सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग को लेकर लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष अयोग्यता याचिकाएं दाखिल की हैं। मामला दल-बदल कानून के तहत कार्रवाई से जुड़ा है। टीएमसी का आरोप है कि इन सांसदों ने कथित तौर पर नेशनल सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय का दावा किया है।

**जवाब दाखिल करने लोकसभा अध्यक्ष ने दिया समय**

# आंध्र से बंगाल तक बारिश का कहर




एजेंसी। नई दिल्ली

बंगाल में सक्रिय मानसून और ओडिशा के अंदरूनी हिस्से में बने डिप्रेशन के असर से शुक्रवार को राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश हुई। सबसे ज्यादा असर उत्तर बंगाल के पहाड़ी जिलों में दिखा। दार्जिलिंग में तेज बारिश के बीच भूस्खलन हुआ, जिससे तकदाह ग्रामीण अस्पताल प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने दार्जिलिंग समेत कई जिलों में शनिवार तक भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान जताया है।

### ओडिशा और आंध्र प्रदेश में क्या है स्थिति?

ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भी डिप्रेशन के कारण भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम तंत्र आंध्र प्रदेश में तट पार करने के बाद कमजोर होकर डिप्रेशन में बदल गया और शुक्रवार सुबह दक्षिणी आंतरिक ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के आसपास था। ओडिशा में 8000 से अधिक लोगों को निचले और भूस्खलन संभावित इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। कई जगह जलभराव, भूस्खलन, पेड़ गिरने और मकानों को नुकसान की खबर है। ओडिशा के पांच जिलों में शुक्रवार को स्कूल भी बंद रहे।

### दार्जिलिंग के अस्पताल में भूस्खलन से क्या हुआ?

- शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे दार्जिलिंग के तकदाह ग्रामीण अस्पताल के पास भूस्खलन हुआ। मलबे की चपेट में आने से एक मरीज के रिश्तेदार को मामूली चोट लगी। अस्पताल में भर्ती किसी मरीज को चोट नहीं आई।
- घटना के बाद मरीजों को जिला अस्पताल ले जाया गया। दार्जिलिंग के दूसरे इलाकों में भी भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं, लेकिन मलबा जल्द हटाए जाने से ज्यादातर सड़कें यातायात के लिए खुली रहीं। भारी बारिश को देखते हुए दार्जिलिंग और कालिम्पोंग में भूस्खलन की आशंका जताई गई है।

### बंगाल के किन इलाकों में बारिश का अलर्ट?

मौसम विभाग ने दार्जिलिंग में शनिवार सुबह तक भारी से बहुत भारी बारिश और इसके बाद रविवार तक भारी बारिश का अनुमान जताया है। कालिम्पोंग और जलपाईगुड़ी में भी ऐसे ही मौसम की संभावना है। दक्षिण और पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, बांकुरा, पश्चिम बर्धमान, बीरभूम, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम में शनिवार सुबह तक भारी बारिश हो सकती है। ऐसे में पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन और निचले क्षेत्रों में जलभराव का खतरा बना हुआ है।

### बारिश से ट्रेन और सड़क सेवाओं पर कितना असर पड़ा?

ओडिशा में मालिगुड़ा और छत्रीपुट स्टेशनों के बीच भूस्खलन से रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। एहतियात के तौर पर चार ट्रेनें रद्द की गईं, जबकि कुछ ट्रेनों को बीच के स्टेशनों से ही समाप्त या वहीं से शुरू किया गया। आंध्र प्रदेश में भी भारी बारिश से सड़कें और खेत पानी में डूब गए। अनकापल्ली और चोडावरम को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ। पार्वतीपुरम मान्यम जिले में लगातार बारिश से तालाब, नहरें और छोटी नदियां उफान पर आ गईं।

### आंध्र में कितनी बारिश हुई और आगे क्या चेतावनी है?

- आंध्र प्रदेश के उत्तर तटीय हिस्सों में भी भारी बारिश हुई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार विशाखापट्टनम में 28 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। कोय्यालागुडेम में 20 सेंटीमीटर और भीमुनिपट्टनम, काकीनाडा तथा पेड्डापुरम में 15-15 सेंटीमीटर बारिश हुई। शुक्रवार को अल्लूरी सीतारामराजू, एनटीआर और एलुरु जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है। तटीय आंध्र और यनम में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, जिनके 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है।

**पहल** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड की योजना पर बैठक में होगा फैसला, वक्फ संपत्तियों के इस्तेमाल की तैयारी

# तीन तलाक और हलाला पीड़िताओं को मिलेगा मुफ्त आवास

देहरादून



उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने बेघर और आर्थिक रूप से बेसहारा मुस्लिम महिलाओं के पुनर्वास के लिए मुफ्त आवास उपलब्ध कराने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके तहत तीन तलाक और हलाला की पीड़िताओं के साथ विधवा महिलाओं को वक्फ संपत्तियों और उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से आवास देने पर विचार किया जा रहा है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने यह जानकारी दी।

शम्स के अनुसार, वक्फ की संपत्तियों से मिलने वाले संसाधनों का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों, विधवाओं और बेसहारा महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उनके मुताबिक, वक्फ बोर्ड के पास प्रत्येक जिले में बड़ी मात्रा में जमीन उपलब्ध है, जिसका इस्तेमाल जरूरतमंद महिलाओं के लिए किया जा सकता है।शम्स ने कहा कि वक्फ की जमीनों पर किए गए अवैध कब्जे हटाए जाएंगे और खाली कराई गई जमीनों तथा भवनों का उपयोग पीड़ित महिलाओं के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन तलाक के बाद कई महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रस्तावित योजना का उद्देश्य ऐसी महिलाओं को आवास और सहारा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने और तीन तलाक पर रोक के बावजूद ऐसी पीड़ित महिलाओं की समस्याएं बनी हुई हैं। योजना के तहत तीन तलाक, हलाला और पति की मृत्यु के बाद बेसहारा हुई महिलाओं को मुख्यधारा से जोडऩे और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य बताया गया है।

### समाज कल्याण मंत्री बोले- योजना अभी प्रस्तावित...

समाज कल्याण मंत्री खजानदास ने कहा कि यह योजना अभी प्रस्तावित है। इस पर वक्फ बोर्ड की बैठक में चर्चा के बाद फैसला लिया जाएगा। इस बीच, चर्चा में हाल में उत्तर प्रदेश के महोबा में सामने आए एक मामले का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें सात महीने की गर्भवती महिला को कथित तौर पर मारपीट के बाद तीन तलाक देकर घर से निकालने की बात सामने आई थी।

## जहाजपुर में बेखौफ दौड़ रहीं बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

# पुलिस व प्रशासन की निगरानी पर उठे गंभीर सवाल, तस्वीरें सामने आने से मचा हड़कंप

### सड़क सुरक्षा को ताक पर रखकर हो रहा परिवहन; रवन्ना और भार क्षमता की जांच नदारद, ग्रामीणों ने खनिज व पुलिस विभाग से संयुक्त अभियान चलाकर कार्रवाई की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर ।** कस्बे और आसपास के ग्रामीण अंचलों में बजरी (रेत) के बेरोकटोक परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र के मुख्य मार्गों एवं संपर्क रास्तों पर दिन-रात बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की बेधड़क आवाजाही को लेकर स्थानीय नागरिकों में गहरा रोष व्याप्त है। इसी बीच बजरी जैसी खनिज सामग्री से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की ताजा तस्वीरें सामने आने के बाद खनिज विभाग और स्थानीय पुलिस-प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



**दस्तावेजों और रवन्ना की जांच नदारद, ओवरलोडिंग से सड़क सुरक्षा पर खतरा**

स्थानीय नागरिकों और ग्रामीणों का कहना है कि कस्बे की सड़कों पर बजरी से भरे भारी वाहन बिना किसी रोक-टोक के सरपट दौड़ रहे हैं। इन वाहनों के पास वैध परिवहन रवन्ना (ई-ट्रांजिट पास), भार क्षमता (वजन सीमा), फिटनेस एवं आवश्यक पंजीयन दस्तावेज हैं या नहीं, इसकी नियमित जांच करने वाला कोई नहीं है। क्षमता से अधिक बजरी भरकर तेज गति से भागते इन ट्रैक्टरों के कारण हमेशा गंभीर सड़क हादसों का अंदेशा बना रहता है। विशेषकर संकरे मार्गों और कस्बाई चौराहों पर राहगीरों व स्कूली बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे नजर आती है।

**बजरी परिवहन को लेकर जनता की प्रमुख मांगें:**

**रवन्ना व भार क्षमता की जांच:** संवेदनशील मार्गों पर नाकाबंदी कर खनिज परिवहन में लगे वाहनों के वैध रवन्ना, भार क्षमता और दस्तावेजों की सघन जांच हो।

**संयुक्त टास्क फोर्स का गठन:** पुलिस, खनिज विभाग और परिवहन विभाग (आरटीओ) की संयुक्त टीमें बनाकर औचक निरीक्षण अभियान चलाया जाए।

अवैध खनन व स्टॉक पर नकेल: बजरी के वास्तविक स्रोत और अनधिकृत डंपिंग यार्डों की तकनीकी जांच कर जिम्मेदार खनन माफियाओं पर सख्त कानूनी शिकंजा कसा जाए।

कार्रवाई को सार्वजनिक करना: विभागीय टीमों द्वारा की गई जब्ती व जुर्माने की कार्रवाई को नियमित रूप से सार्वजनिक किया जाए, जिससे आमजन का विश्वास बहाल हो सके।

**जिम्मेदार विभागों की चुप्पी पर गहराता असंतोष**

लगातार शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने से अब ग्रामीणों में विभागीय उदासीनता और मिलीभगत को लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। ग्रामीणों का सीधा सवाल है कि जब दिन के उजाले और रात के अंधेरे में बजरी से भरी ट्रॉलियां सड़कों से गुजरती हैं, तो जिम्मेदार विभागों की नजर इन पर क्यों नहीं पड़ती? क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नियमों का खुला उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों और अवैध परिवहन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और राजस्व की चोरी पर लगाम लग सके।

## राष्ट्रीय एकता,सांस्कृतिक गौरव और मातृभूमि के प्रति सम्मान भावना हो सकेगी जागृत



### राष्ट्र गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर किया सामूहिक गान

स्मार्ट हलचल

**'काछोला** काछोला कस्बे सहित क्षेत्र के सरथला, थलकलां,मानपुरा,महुआ,पीएम श्री सीनियर स्कूल धामनिया में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 25 सितंबर को विद्यालयों और संस्थानों में विद्यार्थियों द्वारा भव्य सामूहिक गायन का आयोजन प्रधानाचार्य हीरा लाल शर्मा के सानिध्य में किया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों के साथ प्रभारी जगदीश मंत्री,प्रकाश चतुर्वेदी,राजकुमार चौधरी,राजकुमार प्रजापत,लोकेश मीणा,बरखा मीणा सहित आदि उपस्थित थे।वही धामनिया प्राथमिक विद्यालय में आयोजन किया गया इस अवसर प राष्ट्रव्यापी आयोजन:प्रभारी जगदीश मंत्री ने बताया कि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के आह्वान पर 25 सितंबर 2026 को सुबह 11 बजे 'नमामी भारतम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक पहल का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को वंदे मातरम् के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन में इसके योगदान और 'एक स्वर, एक संकल्प, एक भारत' की भावना से जोड़ना और कहा कि यह आयोजन सिर्फ सामूहिक गान तक सीमित नहीं है।यह राष्ट्रीय एकता,सांस्कृतिक गौरव,और मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावनाएं लोगों तक पहुंचाने का मौका है।

## 2 लाख 85 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट, 34 वाहन सीज...

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर ।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए चल रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गष्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही जारी है। प्रदेश में वॉश, हथकड़ मदिरा सहित अन्य राज्य की मदिरा पर भी कार्रवाई की जारी है।



**365 गिरफ्तार, 34 वाहन सीज**

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत 24 सितंबर 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 939 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेष में देषी मदिरा 6 लाख 91 हजार 915 रूपए लागत की 2525 लीटर, भारत निर्मित विदेशी मदिरा एक करोड़ 3 लाख 83 हजार 810 रूपए की 10421 लीटर, बीयर 2 लाख 73 हजार 835 रूपए की 1209 लीटर, हथकड़ शराब 7850 लीटर एवं स्प्रिट 350 लीटर जब्त किया गया है। इसी क्रम में वॉष 2 लाख 85 हजार 232 लीटर नष्ट किया गया। प्रदेश में अभियान के तहत एक बड़ा वाहन, 7 चार पहिया वाहन, 26 दुपहिया वाहन सहित 34 वाहन जब्त किए है साथ ही अवैध मदिरा से संबंधित 365 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

**अवैध मदिरा जब्त**

प्रदेश में आबकारी निरोधक दलों की कार्रवाई के तहत उदयपुर के खेरवाड़ा में बड़ी कार्रवाई के तहत ट्रक में तस्करों द्वारा बना रखे 8 गुप्त चेम्बर से फोर सेल इन चंडीगढ़ अंग्रेजी मदिरा बरामद करते हुए एक को गिरफ्तार किया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है। ब्यावर में 35 लीटर अवैध हथकड़ मदिरा जब्त कर अभियोग दर्ज किया। चित्तौड़गढ़ जिले निम्बाहेड़ा व डूंगला में ईपीएफ टीम की कार्रवाई में 250 लीटर वॉष नष्ट कर 15 बोतल अवैध हथकड़ मदिरा जब्त की। बूंदी में 1100 लीटर वॉष, 2 मदिरा भट्टियां नष्ट करते हुए 11 लीटर हथकड़ मदिरा बरामद की। जैसलमेर के पोकरण में आबकारी दल ने 108 बीयर, 287 पव्वे देषी मदिरा, 9 बीयर बोतल जब्त करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया। सिरोही में 39 पव्वे देशी मदिरा, 20 पव्वे अंग्रेजी शराब जब्त की। इसी क्रम में रेवदर में 15 बीयर बोतल, देषी मदिरा, आबूरोड़ में 26 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त कर अभियोग दर्ज किए। इसी प्रकार प्रदेश के समस्त जिलों में भी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है। समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## जिम्मेदारी बड़ी, मानदेय छोटा...गांव-गांव योजनाएं पहुंचाने वाली 'सखियों' ने मांगा अपना हक

### राजीविका कैडर महिलाओं ने खोला मांगों का पिटारा, सीएम के नाम सौपा ज्ञापन, काम के अनुरूप मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और प्रशिक्षण की मांग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** राजीविका से जुड़ी कैडर कार्यकर्ता महिलाओं की विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर शुक्रवार को संगठन ने आवाज बुलंद की। संगठन अध्यक्ष दीपक व्यास एवं संरक्षक अमित जोशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कैडर महिलाओं के कार्य के अनुरूप उचित मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि राजीविका के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में विभिन्न कैडर की महिलाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। इसके बावजूद उनके कार्य, जिम्मेदारियों और योगदान के अनुरूप सुविधाएं एवं सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है। संगठन ने कैडर महिलाओं के लिए उचित मानदेय के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा, बीमा और पेंशन की व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास के अवसर बढ़ाने, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा जरूरत पड़ने पर कानूनी एवं प्रशासनिक सहायता मुहैया कराने की मांग भी ज्ञापन में रखी गई। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र कैडर महिलाओं और उनके परिवारों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। संगठन प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में कैडर महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान केवल तात्कालिक स्तर पर नहीं, बल्कि संस्थागत रूप से किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान भीलवाड़ा जिले की विभिन्न तहसीलों से यूनियन पदाधिकारी जयश्री टांक, नोसर बैरवा, माया जाट, पदम कंवर, अनु कंवर, सोनू कुमारी मीणा, ललिता रजक, उमा तिवारी, निर्मला दाधीच, सीमा राव, विनोद कंवर, हंसा वर्मा सहित कार्यालय सचिव सत्यनारायण सेन, मदन सिंह टांक एवं बड़ी संख्या में सखी कैडर मौजूद रहीं। प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।



### सरथला में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

## शुभकामना पत्र व तुलसी का पौधा भेंट कर कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



स्मार्ट हलचल

**काछोला** -विकसित भारत जनसेवा अभियान के अंतर्गत तहसील क्षेत्र की सरथला ग्राम पंचायत स्थित श्री सरथला श्याम धर्मशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग, मांडलगढ़ के तत्वावधान में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा विधानसभा सह संयोजक संदीप सोनी मुख्य अतिथि, मांडलगढ़ सीडीपीओ शंकर लाल बैरवा अतिविशिष्ट अतिथि तथा पीईईओ इंद्र सहाय मीणा, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर देवी लाल बारेठ एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पीयूष विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। भाजपा विधानसभा सह संयोजक संदीप सोनी ने कहा कि आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से आशा सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान टीकाकरण से लेकर बच्चों के टीकाकरण सहित विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में इन कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से शुभकामना संदेश पत्र एवं तुलसी का पौधा भेंट कर काछोला सहित सरथला क्षेत्र की आशा सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। मांडलगढ़ सीडीपीओ शंकर लाल बैरवा ने विकसित भारत जनसेवा अभियान की जानकारी देते हुए विभाग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने भी आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को शुभकामना संदेश पत्र और तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता सत्यनारायण मालू, गोपाल मंत्री, बालमुकुंद मालू, नंदकिशोर पाराशर, एएनएम सरथला प्रभारी सीएचओ साक्षी माली, दुर्गा मीणा, मुकेश मीणा, गोपाल सिंह, हीरालाल, मुकेश दरोगा सहित क्षेत्र की समस्त आशा सहयोगिनियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन सीएचओ चांदमल रेगर ने किया।

## शास्त्री नगर में घर की छत पर दिखे तीन बार्न आउल, वन्य जीव रक्षक ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



स्मार्ट हलचल

**गुरला/** भीलवाड़ा शहर के शास्त्री नगर पार्किंग गैराज के पास मकान नंबर 845 में कोनार्क मंगनानी के घर की छत पर तीन बार्न ऊलु दिखाई देने से परिवार में हलचल मच गई। सूचना मिलने पर नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक एवं वन्य जीव रक्षक नारायण लाल बैरवा और वन विभाग से वनरक्षक दीपा कंवर, सावित्री तेली मौके पर पहुंचे। नारायण लाल बैरवा ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर तीनों बार्न आउल को सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान पक्षियों को किसी प्रकार की चोट न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। बाद में वन विभाग की मौजूदगी में तीनों उल्लुओं को उनके अनुकूल प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।नारायण लाल बैरवा ने बताया कि रेस्क्यू किए गए बार्न आउल का वैज्ञानिक नाम Tyto alba है। यह उल्लू की व्यापक रूप से वितरित प्रजातियों में से एक है। दुनिया में उल्लुओं की 223 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं, हालांकि आमतौर पर इनमें से करीब 19 प्रजातियां ही अधिक देखने को मिलती हैं। बेरवा ने आमजन से अपील की कि घरों या आसपास वन्यजीव एवं पक्षी दिखाई देने पर उन्हें नुकसान न पहुंचाएं। ऐसी स्थिति में संबंधित वन्यजीव रक्षक या वन विभाग को सूचना दें।


## किसान पुत्र प्रमोद कुमार शर्मा ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, सहायक निदेशक पद पर चयन के साथ ऑल राजस्थान में 8 वीं रैंक

स्मार्ट हलचल

**हिण्डौन सिटी।** ग्राम सिकरोदा मीना, तहसील हिण्डौन सिटी, जिला करौली निवासी किसान पुत्र प्रमोद कुमार शर्मा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की भर्ती प्रक्रिया में प्रमोद कुमार शर्मा का चयन हुआ है। उन्होंने ऑल राजस्थान में 8वीं रैंक हासिल की है तथा अपनी श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रमोद कुमार शर्मा की इस सफलता की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव सिकरोदा मीना में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवारजनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई तथा प्रमोद को बधाई दी। किसान परिवार से निकलकर राज्य सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में सहायक निदेशक के पद तक पहुंचना क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि है। प्रमोद कुमार शर्मा वर्तमान में जयपुर के एक निजी विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अध्यापन कार्य के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जारी रखी और निरंतर मेहनत के बल पर यह सफलता हासिल की। उनके पिता श्री मोहन लाल शर्मा किसान हैं। ग्रामीण परिवेश से निकलकर शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में गर्व का माहौल है। प्रमोद कुमार शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों, परिवारजनों एवं शुभचिंतकों के सहयोग, आशीर्वाद और अपनी मेहनत को दिया। उनके चयन से हिण्डौन क्षेत्र के युवाओं में भी उत्साह का माहौल है।




## प्रतिमा विसर्जन के साथ कार्यक्रम संपन्न



स्मार्ट हलचल

**आकोला / आकोला** कस्बे में चल रहे दसदिवसीय गणेश महोत्सव मूर्ति विसर्जन के साथ संपन्न। श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति के सदस्य अंकित कुमार सेन ने बताया कि भगवान गणेश जी महाराज बड़े मंदिर प्रांगण से 2.15 बजे शोभायात्रा शुरू हुई जो मुख्य मार्ग से होती हुई शिवालय पहुंची। महाआरती कर महाप्रसाद वितरित किया गया इसके बाद प्रतिमा को बनास नदी में विसर्जन किया गया। इस मौके पर मुकेश श्रोत्रिय, प्रियदर्शी पारीक,धर्मेंद्र जोशी जसवंत पारीक,रविंद्र जोशी,पुजारी दिनेश पाराशर,सत्यनारायण काबरा,आयुष सोनी,हर्षित शोत्रिय,दीपक बांगड़,दीपक पारीक,अभिनव पाराशर,भानु पारीक,गोविंद पाराशर,यश पारीक, आयुष जोशी,दीपक सेन,अक्षत दरगड़,शिवम् डाड़,दीक्षांत बांगड़,आदित्य उपाध्याय, आशुतोष तिवाडी,दीपक उपाध्याय,आरव जोशी, पार्थ जोशी,आदि सदस्य एवम बडलियास थाना प्रभारी मय स्टाप उपस्थित थे।

## हॉकी 17 वर्ष में कैला देवी स्कूल की टीम ने सूरौठ को हराया

### हॉकी 19 वर्ष में महात्मा गांधी राजकीय स्कूल सूरौठ की टीम बनी विजेता

### छात्रा वर्ग की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

स्मार्ट हलचल

**सूरौठ।** राज्य सरकार की ओर से शहर के विवेकानंद विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक स्कूल में चल रही छात्रा वर्ग की 70 वीं जिलास्तरीय माध्यमिक उच्च माध्यमिक खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान शुक्रवार को कई रोमांचक मैच खेले गए। हॉकी 17 वर्ष खेल प्रतियोगिता में कैला देवी ट्रस्ट स्कूल कैला देवी ने इंदिरा गांधी उच्च माध्यमिक स्कूल सूरौठ की टीम को 3-0 से शिकस्त दी। प्रतियोगिता संयोजक व प्रधानाचार्य अवधेश शर्मा तथा वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीणा ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हॉकी, योगासन, बास्केटबॉल, जिमनास्टिक आदि खेल खेले जा रहे हैं। सभी खेलों में शुक्रवार को छात्रा खिलाड़ियों ने जीत के लिए पसीना बहाया। मैच शुरू होने से पहले प्रतियोगिता संयोजक अवधेश शर्मा, शारीरिक शिक्षा व्याख्याता वीरेंद्र सिंह राजावत आदि ने खिलाड़ियों से परिचय किया तथा विधिवत रूप से मैच शुरू करवाए। हॉकी 19 वर्ष के फाइनल मुकाबले में महात्मा गांधी राजकीय स्कूल सूरौठ ने विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ को पेनल्टी शूट से 2-1 से पराजित किया। इसी तरह हॉकी 17 वर्ष में केला देवी ट्रस्ट केला देवी ने इंदिरा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ को 3-0 से हराया। मैचों का दर्शकों ने भी खूब लुत्फ उठाया। मैचों को देखकर दर्शक रोमांचित हो गए। अन्य खेलों में भी खिलाड़ियों ने खूब दमखम दिखाया।



# शकरगढ़ में बजरी का बेखौफ खेल!

## बाइक सवार को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, घायल को देवली किया रेफर...

**लगातार खबरों और सवालों के बावजूद अवैध बजरी परिवहन पर अंकुश नहीं हादसे के बाद पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल**

**बजरी से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आया बाइक सवार युवक, जहाजपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद देवली भेजा; कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी**

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर अलकेश पारीक** जहाजपुर शकरगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार सामने आ रही शिकायतों और खबरों के बीच बजरी से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक के घायल होने का मामला सामने आया है। हादसे के बाद परिजनों और राहगीरों ने घायल युवक को जहाजपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे देवली रेफर कर दिया गया। घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और बजरी परिवहन पर पुलिस की निगरानी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।



**सम्प्रम बजरी परिवहन पर सवाल, हादसे के बाद फिर उठी कार्रवाई की मांग**

जानकारी के अनुसार, उरना गांव निवासी गोपी लाल तेली बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बजरी से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आने से वे घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों और परिजनों ने उन्हें जहाजपुर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने आगे के उपचार के लिए देवली रेफर किया। घटना के बाद क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन को लेकर चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बजरी से भरे वाहनों की आवाजाही को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में हादसे के बाद पुलिस की कार्रवाई और वाहनों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**लगातार खबरों के बाद भी नहीं थम रहा बजरी का कारोबार?**

शकरगढ़ थाना क्षेत्र में बजरी परिवहन को लेकर उठ रहे सवालों के बीच स्थानीय लोगों की मांग है कि पुलिस और संबंधित विभाग अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई करें। लोगों का कहना है कि सड़कों पर भारी वाहनों की आवाजाही के दौरान यातायात सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि आम राहगीरों को परेशानी और दुर्घटनाओं का सामना न करना पड़े। हादसे के बाद अब पुलिस की कार्रवाई पर नजर है। क्या बजरी से भरे ट्रैक्टर के संबंध में जांच की जाएगी? क्या वाहन के दस्तावेज और बजरी परिवहन की वैधता की जांच होगी? इन सवालों के जवाब पुलिस की कार्रवाई और जांच रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होंगे।

**पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल**

बजरी परिवहन को लेकर लगातार सामने आ रही शिकायतों के बीच एक बार फिर पुलिस की निगरानी व्यवस्था चर्चा में है। स्थानीय लोगों की मांग है कि सड़क पर चलने वाले बजरी वाहनों की जांच की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि हादसे के बाद शकरगढ़ पुलिस और संबंधित विभाग अवैध बजरी परिवहन पर क्या कदम उठाते हैं।

## शंभूगढ़ पंचायत समिति में सरपंच पदों की आरक्षण लॉटरी पर अनियमितता के आरोप

स्मार्ट हलचल

**आसींद।** विधानसभा से विधायक प्रत्याशी रहे मनसुख सिंह गुर्जर ने नवसृजित शंभूगढ़ पंचायत समिति में सरपंच पदों के आरक्षण के लिए निकाली गई लॉटरी में नियमों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर के नाम लिखित शिकायत प्रस्तुत कर आरक्षण प्रक्रिया की जांच कराने की मांग की है। मनसुख सिंह गुर्जर के अनुसार आरक्षण लॉटरी में अपनाया गया चक्र वर्तमान चक्रानुक्रम के अनुरूप नहीं है। उनका आरोप है कि गुलाबपुरा उपखंड अधिकारी द्वारा शंभूगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों के लिए नया फ्रेश चक्रानुक्रम तैयार कर श्रेणीवार आवंटन करते हुए लॉटरी निकाली गई, जबकि पंचायत राज विभाग के परिपत्रों के अनुसार गत चुनाव में जिस चक्रानुक्रम के आधार पर आरक्षण हुआ था, उसी क्रम को आगे बढ़ाया जाना चाहिए था।



### पूर्व में आरक्षित ग्राम पंचायतों को लेकर भी उठाए सवाल

शिकायत के अनुसार शंभूगढ़, बरसनी, आकड़सादा और गांगलाश ग्राम पंचायतें पूर्व में ही अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी में आरक्षित हो चुकी हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि वर्तमान चक्रानुक्रम के अनुसार अनुसूचित जाति के लिए रायरा, बारनी, जयनगर और दुल्हेपुरा ग्राम पंचायतें आरक्षित होनी चाहिए थीं। इसी प्रकार शिकायत में दावा किया गया है कि अनुसूचित जनजाति के लिए रामपुरिया-धोली, जैतपुरा और रूपपुरा ग्राम पंचायतों का आरक्षण होना था, जबकि नवसृजित ग्राम पंचायत जोधड़ास को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए था।

### लॉटरी प्रक्रिया पर उठाई आपत्ति

मनसुख सिंह गुर्जर के अनुसार गुलाबपुरा उपखंड अधिकारी द्वारा निकाली गई लॉटरी में अनुसूचित जाति के लिए शंभूगढ़, बरसनी, गांगलाश और रायरा, जबकि अनुसूचित जनजाति के लिए रामपुरिया, आकड़सादा और धोली-जैतपुरा को सामान्य महिला श्रेणी में आरक्षित करते हुए लॉटरी प्रक्रिया पूरी की गई। शिकायत में आगे आरोप लगाया गया है कि बरसनी, शंभूगढ़ और गांगलाश को अनुसूचित जाति, आकड़सादा को अनुसूचित जनजाति तथा जोधड़ास को सामान्य श्रेणी में आरक्षित किया गया है। शिकायतकर्ता ने इन आरक्षणों को नियमों के विपरीत बताते हुए प्रक्रिया की पुनः जांच और नियमानुसार आरक्षण किए जाने की मांग की है।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय में सामूहिक गायन



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** पीएम श्री वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर विद्यालय में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय चेतना से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11:00 बजे विद्यालय की छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने उत्साहपूर्वक एवं अनुशासित ढंग से सहभागिता निभाते हुए राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र सिंह बारेठ व इन्दिरा जैन ने छात्राओं को 'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक महत्व, स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका तथा राष्ट्र के प्रति कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। छात्राओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।इस अवसर पर राकेश कुमार खटीक ज्योति सुमन, रानू धाकड़, शकुंतला छिपी,नीरु, आदित्य मीणा, दुर्गेश पारिक,शिव बारेठ व समस्त छात्राएं उपस्थित रही। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रीय गौरव, देशभक्ति, एकता एवं नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना के साथ हुआ।

## गंगापुर में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर विद्यार्थियों ने सामूहिक गायन किया

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर** वंदे मातरम के 150 वर्ष (1875-2026) पूरे होने के अवसर पर पूरे देश में विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम का गायन किया गया। इसी क्रम में गंगापुर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। आलोक विद्या मंदिर, आदर्श विद्या मंदिर, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल पोटला, टैगोर स्कूल पोटला, सीनियर सेकेंडरी स्कूल गंगापुर और महाराणा प्रताप स्कूल में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने सुबह 11:00 बजे वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। गंगापुर क्षेत्र में कुल 1943 विद्यार्थियों ने इस अवसर पर वंदे मातरम का गान किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के जीवन और उनके दर्शन के बारे में भी जानकारी दी गई।



## अगले बरस तू जल्दी आ के निमंत्रण के साथ निकली विभिन्न क्षेत्रों से गणपति की शोभा यात्रा

**कुंड के स्वच्छ जल में विसर्जन के साथ ही गणेश महोत्सव संपन्न**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान गणपति स्थापना के साथ ही 12 दिवसीय गणेश महोत्सव की धूम अनंत चतुर्दशी पर विशाल शोभा यात्रा के साथ अगले बरस तू जल्दी आ निमंत्रण के साथ ही गणपति प्रतिमाओं का स्वच्छ जल में विसर्जन संपन्न हुआ समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि आज दोपहर मे अपने-अपने क्षेत्रो से गणपति की शोभायात्राएं बैंड बाजो, ढोल नगाड़ो, डीजे के साथ साय राजेंद्र मार्ग स्कूल पहुंची यहां से 7 घोड़ा ,माइक गाड़ी एवं 2 बैन्डबाजो के साथ धूम धड़ाके से गजानंद की विभिन्न झाकियों के साथ शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से निकाली जो राजेंद्र मार्ग विद्यालय से प्रारंभ होकर मुरली विलास रोड, रेलवे स्टेशन, गोल प्याऊ चौराहा, महाराणा टॉकीज सर्राफा मार्केट होते हुए बड़ा मंदिर पहुंची,जहां से बहाला होते हुए तेजाजी चौक तालाब के यहां पहुंची

**शोभा यात्रा को रेलवे स्टेशन पर संतों ने दिखाई हरी झंडी, संतों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया**

रेलवे स्टेशन पर 5:30 बजे शहर के प्रमुख संतो महामंडलेश्वर बाबू गिरी महाराज ,महंत मोहन शरण शास्त्री निंबार्क आश्रम, बालक दास कारोई,पंडित कल्याण शर्मा दूधाधारी मंदिर, ओम साई राम महालक्ष्मी मंदिर, नगर निगम उप महापौर राधेश्याम सोमानी ,प्रमुख उद्योगपति बनवारी लाल मुरारका, गजानन बजाज समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी द्वारा हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया गया इस अवसर पर संतों का समिति के पदाधिकारीयो द्वारा शोल ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर सुभाष अग्रवाल,लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, विजय शर्मा, श्रवण जिंदल ,दयाशंकर शुक्ला,शिव डीडवानिया, छीतरमल लढ्ढा कैलाश पांण्डिया, मधु शर्मा, प्रशांत समदानी,श्याम सुंदर पारीक, सत्येंद्र तोतला रामनारायण सोमानी गोविंद सोमानी आदि उपस्थित थे



**शोभा यात्रा का जगह-जगह किया स्वागत**

शोभा यात्रा के रूट में विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा का अजमेर से मंगाए गए 2 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियां से स्वागत किया गया एवं शीतल पेय पिलाया गया रेलवे स्टेशन पर राजस्थान युवा मंच द्वारा शोभा यात्रा में सम्मिलित गणेश भक्तों को टोफीया बाटी गई, सरकारी दरवाजा पर किराणा संगठन, गोल प्याऊ चौराया पर ऑदिच्य समाज ,सुभाष मार्केट में सुभाष मार्केट एसोसिएशन द्वारा भोपाल क्लब पर पेंशनर समाज द्वारा, गुलमंडी में सर्राफा बाजार एसोसिएशन द्वारा, बड़ा मंदिर पर खटीक समाज द्वारा, चित्रगुप्त स्कूल के बाहर राधेश्याम सुथार परिवार द्वारा शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया

**काईन हाउस एवं मानसरोवर झील पर बने कुंडो मैं भरे स्वच्छ जल में गणपति का हुआ विसर्जन**

गणेश चतुर्थी से शुरू गणेश महोत्सव 12 दिवसीय अपने विविध आयोजन के बाद गणपति का विसर्जन दो स्थानो जिसमें कॉइन हाउस हरनी महादेव रोड एवं मानसरोवर झील पर नगर निगम द्वारा बनाए गए विशालकाय कुंड में शुद्ध जल में विसर्जन किया गया दोनों कुंड में नगर निगम द्वारा टैंकरों से पानी डाला गया समिति द्वारा उसमे गुलाब जल ,गोमूत्र गंगाजल डालकर शुद्धिकरण किया गया इससे पूर्व तेजाजी चौक तालाब के विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे पर सभी गणपति प्रतिमाओं को विराजित कराकर महाआरती की गई इस अवसर पर नगर निगम के महापौर राधेश्याम सोमानी ने महा आरती की शोभायात्रा में 5 फीट की गणपति प्रतिमाओं से लेकर 15 फीट की गणपति प्रतिमाएं सम्मिलित हुई महाराणा टॉकीज चौराहे पर अखाड़ा प्रदर्शन एवं रंगारंग कार्यक्रम लाइट शो का भव्य आयोजित किया गया घरों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाई गई छोटी गणपति की प्रतिमाएं भी निजी स्तर पर आज सुबह से ही इन कुंडो में विसर्जित की गई

## अग्रवाल सम्मेलन की युवा इकाई में नई टीम, दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में संगठन विस्तार की कमान युवाओं को सौंपी

**हरीश अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष, यशवंत मंगल प्रदेश युवा अध्यक्ष, पंकज अग्रवाल को महामंत्री की जिम्मेदारी**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की दक्षिण-पश्चिम राजस्थान युवा इकाई को नई ऊर्जा और सांगठनिक मजबूती देने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल की सहमति, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नन्दलाल अग्रवाल के निर्देश एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में युवा पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नई कार्यकारिणी में हरीश अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष, उदयपुर के यशवंत मंगल को प्रदेश युवा अध्यक्ष, भीलवाड़ा के पंकज अग्रवाल को प्रदेश युवा महामंत्री, पिंडवाड़ा के कपिल अग्रवाल को प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष तथा रिकेन अग्रवाल को प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई गई कि वे अपनी सक्रियता, सांगठनिक क्षमता और समाज के प्रति समर्पण के साथ दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में अग्र-युवा शक्ति को एकजुट करने तथा संगठन की गतिविधियों को और व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही युवा वर्ग में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के.के. गुप्ता, प्रदेश चेयरमैन नितिन बंसल, प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अमित नागोरी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर अग्रवाल सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



पंकज अग्रवाल प्रदेश महामंत्री | हरीश अग्रवाल प्रदेश उपाध्यक्ष

## 884 लीटर खाद्य तेल सीज, नमूने जांच के लिए भेजे

**ब्यावर में खाद्य सुरक्षा दल की कार्रवाई, 795 लीटर सरसों व 89 लीटर मूंगफली तेल का भंडारण मानकों के अनुरूप नहीं मिला**

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा दल ने ब्यावर शहर में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर प्रवर्तन कार्रवाई की। इस दौरान कॉलेज रोड स्थित गणेश जयदेव कंपनी में खाद्य तेल के भंडारण की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कमल ब्रांड कच्ची घानी सरसों तेल की 795 लीटर तथा पार्वती पोस्टन प्लस मूंगफली तेल की 89 लीटर मात्रा का भंडारण निर्धारित खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इस पर खाद्य सुरक्षा दल ने नियमानुसार कुल 884 लीटर खाद्य तेल सीज कर दिया। दल द्वारा दोनों खाद्य तेलों के नमूने भी लिए गए, जिन्हें प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य तेलों की गुणवत्ता को लेकर अंतिम निष्कर्ष प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही सामने आएगा। रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विक्रम बेड़ा एवं कुलदीप सिंह चौधरी शामिल रहे।



## स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में गूंजा 'वन्दे मातरम', 700 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने किया सामूहिक गान



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)-** । शाहपुरा-विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में गिनीज बुक में नाम दर्ज करवाने हेतु स्थानीय स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, शाहपुरा में भव्य 'वन्दे मातरम्' सामूहिक गान एवं 'नमामि भारतम्' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन हुआ। इस अवसर पर लगभग 700 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि चित्तौड़ प्रांत के प्रांत जन संवाद प्रमुख डॉ. परमेश्वर कुमावत उपस्थित रहे। अपने ओजस्वी उद्बोधन में डॉ. कुमावत ने कहा कि "वन्दे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम का वह महामंत्र है जिसने लाखों हुतात्माओं के भीतर राष्ट्रभक्ति का अलख जगाकर देश की स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया था। यह राष्ट्रगीत भारत माता के प्रति हमारी अगाध श्रद्धा, एकता और संप्रभुता का प्रतीक है। आज प्रत्येक युवा और विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वह वन्दे मातरम् के मूल भाव को अपने आचरण में उतारे और राष्ट्र निर्माण व भारत को परम वैभव पर ले जाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।' कार्यक्रम के पर्यवेक्षक आदर्श विद्या मंदिर शाहपुरा के आचार्य राम प्रसाद शर्मा रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, उच्च संस्कारों और राष्ट्र प्रथम की भावना को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। समारोह के दौरान अतिथियों का दुपट्टा व उत्तरीय पहनाकर सम्मान किया गया। इसके उपरांत एक साथ 700 कंठों से गूंजे 'वन्दे मातरम्' के सस्वर सामूहिक गान से पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति की ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजेश धाकड़ ने सभी आगंतुक अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हॉकी के मैदान पर रोमांच चरम पर, सडन डेथ में डोहरिया की बाजी

# सदारामजी का खेड़ा ने बडला को 6-0 से हराया

**डाबला की अरनिया रासा पर 8-0 की बड़ी जीत,खामोर, देवरिया,सुरास ओर फुलियाकलां सेमीफाइनल में**

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** खामोर की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही 70वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्रा हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन मैदान पर मुकाबलों का रोमांच चरम पर रहा। सुबह से ही अलग-अलग टीमों के बीच जीत के लिए जोरदार संघर्ष देखने को मिला। कहीं गोलों की बारिश हुई तो कहीं मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है।प्रधानाचार्य गजानंद जाट ने बताया कि 17 वर्ष छात्रा वर्ग में सदारामजी का खेड़ा ने बडला को 6-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं 19 वर्ष वर्ग में डाबला ने अरनिया रासा को 8-0 से शिकस्त देकर बड़ी जीत अपने नाम की। 17 वर्ष वर्ग में राजपुरा ने भोजरास को 2-0 से हराया। 19 वर्ष वर्ग में तस्वरिया बासा ने राजपुरा को 2-0 से पराजित किया। खामोर ने राज्यास को 4-0 से हराकर मुकाबला अपने नाम किया, जबकि 19 वर्ष वर्ग में देवरिया ने गांधीनगर भीलवाड़ा को कड़े मुकाबले में 1-0 से हराया।



**पेनल्टी शूटआउट में दो बार 1-1, सडन डेथ में डोहरिया ने मारी बाजी**

दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला डोहरिया और गणपतिया खेड़ा के बीच देखने को मिला। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही और मुकाबला इतना संघर्षपूर्ण रहा कि पेनल्टी शूटआउट में भी जीत-हार का फैसला नहीं हो सका। शूटआउट में दोनों टीमें दो बार 1-1 की बराबरी पर पहुंचीं। इसके बाद मुकाबला सडन डेथ तक जा पहुंचा, जहां डोहरिया ने 4-3 से बाजी मारते हुए रोमांचक जीत दर्ज की। इस मुकाबले ने मैदान पर मौजूद लोगों की उत्सुकता को भी बढ़ा दिया।17 वर्ष वर्ग में फूलियाकलां ने डाबला को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं सुरास और पनोतिया के बीच मुकाबले में भी रोमांच देखने को मिला। पेनल्टी शूटआउट में सुरास ने पनोतिया को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया।इस तरह 17 वर्ष वर्ग में फूलियाकलां और सुरास ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।19 वर्ष छात्रा वर्ग में खामोर और देवरिया ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। खामोर ने राज्यास को 4-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि देवरिया ने गांधीनगर भीलवाड़ा को 1-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बड़ी जीत, संघर्षपूर्ण मुकाबले और पेनल्टी शूटआउट के रोमांच ने छात्रा हॉकी का जोश और बढ़ा दिया।अब प्रतियोगिता खिताबी दौर की ओर बढ़ रही है। 17 वर्ष वर्ग में फूलियाकलां और सुरास तथा 19 वर्ष वर्ग में खामोर और देवरिया की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। मैदान पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन के साथ मुकाबलों की चुनौती भी बढ़ती जा रही है और अब सेमीफाइनल में फाइनल का टिकट हासिल करने के लिए टीमें पूरी ताकत झोंकेंगी।

### नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में होगा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो का महासंग्राम

# 17 एवं 19 वर्षीय बालक-बालिकाएं दिखाएंगे दमखम, राजस्थान के विभिन्न जिलों से पहुंचेंगे खिलाड़ी...

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ को वर्ष 2026 की राज्य स्तरीय 17 एवं 19 वर्षीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय प्रबंधन एवं आयोजन समिति की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों से प्रतिभावान खिलाड़ी भाग लेकर ताइक्वांडो की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत 17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं की ताइक्वांडो स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को बड़े मंच पर प्रदर्शित करने के साथ-साथ उच्च स्तर की खेल प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करेगी। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आने



वाले खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

**उद्घाटन समारोह में रहेंगे राजीव दत्ता मुख्य अतिथि**

प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव दत्ता, विशेषाधिकारी, माननीय लोकसभा अध्यक्ष तथा अध्यक्ष, राजस्थान कुश्ती संघ उपस्थित रहेंगे। उनके आगमन से खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में उत्साह का माहौल रहेगा। खेल क्षेत्र से जुड़े अनुभवी व्यक्तित्व के रूप में श्री दत्ता की उपस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी अवसर होगी।

**बेहतर व्यवस्थाओं के लिए जुटा विद्यालय प्रबंधन**

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख ने कहा कि राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना विद्यालय एवं ब्यावर के लिए गौरव का विषय है। इस प्रकार के बड़े खेल आयोजनों से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ राज्य स्तर के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों से सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि समिति एवं विद्यालय प्रबंधन का प्रयास रहेगा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं टीम प्रभारियों को बेहतर सुविधाएं एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं टीम प्रभारियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रतियोगिता स्थल पर खिलाड़ियों के लिए खेल सुविधाओं के साथ आवास, भोजन, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने की दिशा में तैयारियां की जा रही हैं।

**अनुशासन और खेल भावना के साथ आयोजन का प्रयास**

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. निवेदिता पाठक ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय का प्रयास रहेगा कि प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों एवं टीमों को बेहतर वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता को अनुशासन, खेल भावना एवं उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के साथ संपन्न कराने के लिए विद्यालय स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। आयोजन से जुड़े सभी विभागों द्वारा अपनी-अपनी जिम्मेदारियों के अनुसार व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खिलाड़ियों की सुविधा, प्रतियोगिता स्थल की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के आयोजन से ब्यावर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल भावना को बढ़ावा मिलेगा। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय परिवार एवं खेलप्रेमियों में उत्साह का माहौल है तथा सभी प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों एवं समूहों को स्वरोजगार हेतु ऋण पर 50 हजार रुपये तक का अनुदान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड, जयपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों एवं समूहों को स्वरोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम के परियोजना प्रबंधक श्री राम अवतार जाट ने बताया कि योजना के अंतर्गत बैंकों एवं बैंकिंग संस्थाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों एवं समूहों को शहरी पीओपी, ग्रामीण पीओपी, ऑटोरिक्शा, ई-रिक्शा, डेयरी योजना एवं मुद्रा योजना के माध्यम से स्वरोजगार के लिए विभिन्न कार्यों हेतु ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत किराणा दुकान, मोबाइल शॉप, टेंट हाउस, ई-मित्र, स्टेशनरी शॉप, डेयरी कार्य, फर्नीचर दुकान, जनरल सामान की दुकान, टू-व्हीलर रिपेयर, फल-सब्जी की दुकान, चर्म व्यवसाय, जूते निर्माण, बेकरी, सिलाई, ब्यूटी पार्लर तथा रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान सहित विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने वाले पात्र लाभार्थियों को परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50,000 रुपये, दोनों में से जो भी कम हो, तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। यह अनुदान राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम (अनुजा निगम) के माध्यम से सीधे लाभार्थी के व्यक्तिगत बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति अथवा समूह कार्यालय परियोजना प्रबंधक, राजस्थान अनुजा निगम, कलेक्ट्रेट परिसर से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ पूर्ण कर सीधे कार्यालय में जमा करवाया जा सकता है। आवेदन के साथ अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वार्षिक आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना होगा।

## कानपुर में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस में बमबाजी, फायरिंग में 3 घायल, एक गिरफ्तार , अन्य की तलाश

स्मार्ट हलचल

**सुनील बाजपेई कानपुर।** यहां पुरानी रंजिश के चलते गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान जुलूस पर जोरदार हमला कर दिया गया। इस दौरान बमबाजी, फायरिंग और मारपीट में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं। दहशत का कारण बनी घटना यह यहां के साउथ जोन में तब हुई जब गणेश प्रतिमा विसर्जन का जुलूस गुजैनी के फत्तेपुर गांव से गुजर रहा था। यात्रा में अंधाधुंध बमबाजी होने लगी। दो दर्जन दबंगों ने बम फेंकने के साथ ही फायरिंग भी शुरू कर दी। इससे भगदड़ मच गई। कई युवक सड़क पर गिर पड़े। बाइकों में भी तोड़फोड़ की गई। यहां महिला समेत चार लोग घायल हो गए। इस बवाल की सूचना पर पहुंचे एसीपी नौबस्ता व गुजैनी पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर यात्रा में शामिल लोगों से पूछताछ भी की। इस दौरान एक आरोपित को को गिरफ्तार किया गया जबकि पांच नामजद समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की गई है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार हनुमंत विहार के





गल्ला मंडी केडीए कॉलोनी निवासी अर्पित शुक्ला ने घर में गणेश प्रतिमा की स्थापना की थी। अर्पित ने बताया कि गुरुवार शाम पांच बजे वह गणेश विसर्जन यात्रा में अपने दोस्त अंश शर्मा उर्फ सुदामा व अन्य लोगों के साथ सेन पश्चिम थाना क्षेत्र में स्थित नहर के लिए बाइकों से निकले थे। यात्रा में डीजे की धुन व गाजे-बाजे की थाप पर गणेश भक्त झूमते-नाचते आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान फत्तेपुर गांव के पास पहले से घात लगाए बैठे तीन लोगों ने सबसे आगे चल रहे मूर्ति रखे ट्रैक्टर को रुकवाया। इसके बाद करीब दो दर्जन लोगों ने यात्रा को घेर लिया और दो से तीन राउंड फायरिंग करते हुए अंधाधुंध बम भी फोड़े। इसके बाद यात्रा में भगदड़ के साथ चीख-पुकार मच गई। इसके बाद लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से लैस दबंगों ने यात्रा में शामिल महिला समेत अंश, अर्पित, अविरल दुबे व मयंक उर्फ मोहित को घेर लिया, फिर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे लेकर टूट पड़े। हमलावरों ने बाइकों में तोड़फोड़ भी की। इस घटना से दो अन्य समेत एक महिला बबली भी घायल हुई हैं। विसर्जन यात्रा में फायरिंग व बम फोड़े जाने की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद एसीपी नौबस्ता अभिषेक कुमार राहुल व गुजैनी पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि एक आरोपियों गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि अन्य की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं।

## कद्दू की आड़ में 200.840 किलो डोडा पोस्त की तस्करी, एक गिरफ्तार

### विजयनगर पुलिस ने मिनी ट्रक किया जब्त, 15 कट्टों में छिपाकर ले जा रहा था मादक पदार्थ

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर/विजयनगर।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विजयनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 200.840 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मिनी टाटा ट्रक जब्त कर पंजाब निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कद्दू की आड़ में डोडा पोस्त की तस्करी कर रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृताधिकारी मसूदा शिवराज सिंह के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 24 सितंबर को एएनटीएफ भीलवाड़ा की सूचना पर नाकाबंदी की। इस दौरान मिनी टाटा ट्रक नंबर HR 55 AB 9766 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक में भरे कद्दू के नीचे छिपाकर रखे 15 कट्टों में डोडा पोस्त चूरा मिला। वजन करने पर कुल 200.840 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ एवं तस्करी में प्रयुक्त मिनी टाटा ट्रक को जब्त कर चालक कुलदीप सिंह (35) पुत्र जसवंत सिंह निवासी दलमीर खेड़ा, तहसील अबोहर, थाना खुइयां सरवर, जिला फाजिल्का, पंजाब को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास डोडा पोस्त के परिवहन के लिए कोई वैध अनुज्ञापत्र या लाइसेंस नहीं था। इस



संबंध में पुलिस थाना विजयनगर में धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों एवं नेटवर्क के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीमः थानाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक राजवीर सिंह, कांस्टेबल नीरज शर्मा (402), कांस्टेबल विजय सिंह (973), कांस्टेबल राजवीर (521) तथा चालक कांस्टेबल राधेलाल (718) शामिल रहे।

## चाय पर शुल्क के खिलाफ भीलवाड़ा जिला चाय विक्रेता संस्थान लामबंद, सीएम के नाम सौपा ज्ञापन

### बोले, राजस्थान में उत्पादन नहीं, फिर भी कृषि कल्याण शुल्क क्यों? 0.50 प्रतिशत कृषि कल्याण शुल्क तत्काल खत्म करने और चाय पत्ती को मंडी कानून से बाहर करने की मांग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा /** राजस्थान में चाय का उत्पादन नहीं होने के बावजूद चाय व्यापार पर लगाए जा रहे 0.50 प्रतिशत कृषि कल्याण शुल्क के विरोध में भीलवाड़ा जिला चाय विक्रेता संस्थान ने मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने शुल्क तत्काल समाप्त करने और 'चाय पत्ती' को राजस्थान कृषि उपज मंडी अधिनियम से स्थायी रूप से बाहर करने की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि राजस्थान में चाय मुख्यतः असम, पश्चिम



बंगाल, सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग और कछार से मंगवाई जाती है। इसका कारोबार कृषि उपज मंडी परिसर के बजाय निजी व्यापारिक प्रतिष्ठानों से होता है। ऐसे में इसे सामान्य कृषि उपज की श्रेणी में रखकर शुल्क वसूलना व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डाल रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि 25 जनवरी 2006 की अधिसूचना के तहत 'चाय पत्ती' को राजस्थान कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1961 की अनुसूची में शामिल किया गया था। इसके बाद 10 फरवरी 2006 और 7 मई 2022 की अधिसूचनाओं से चाय पत्ती पर मंडी शुल्क की वसूली स्थगित की गई थी। व्यापारियों का कहना है कि अब 0.50 प्रतिशत कृषि कल्याण शुल्क लगने से कारोबार की लागत बढ़ रही है और अन्य राज्यों के व्यापारियों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो रही है। व्यापारियों ने मांग की कि चाय पत्ती को उसकी वास्तविक प्रकृति और राजस्थान में उत्पादन नहीं होने के तथ्य को देखते हुए मंडी अधिनियम की सूची से स्थायी रूप से हटाया जाए। साथ ही शुल्क की वैधानिक स्थिति स्पष्ट करते हुए अनावश्यक आर्थिक भार से राहत दी जाए। मामले को कृषि विपणन निदेशालय, जयपुर और राज्य सरकार के स्तर पर उठाने का भी आग्रह किया गया। ज्ञापन देने वालों में संस्थान अध्यक्ष महेश जाजू, महासचिव अंकित लखोटिया, मुकेश पलोड़, नवरतन सूर्या, दुर्गेश मून्द्रडा, राजेंद्र झंवर, दिनेश राठी, चंद्रप्रकाश आगाल, राजकुमार अग्रवाल, अमन कोठारी, कंवरलाल झाबक, महावीर सोमानी, विकास मून्द्रडा और चाहत सोमानी सहित अन्य कई सदस्य मौजूद रहे।

## 72वें वार्षिक असुचंड महोत्सव का ध्वजारोहण, झूलेलाल मंदिर में गूंजे जयकारे

स्मार्ट हलचल

**अनिल खींची ब्यावर।** कृष्णा मोहल्ला स्थित पूज्य झूलेलाल मंदिर में शुक्रवार को 72वें वार्षिक असुचंड महोत्सव का ध्वजारोहण धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। असुचंड महोत्सव के संयोजक प्रेम



वाधवानी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय असुचंड महोत्सव का आयोजन 11, 12 एवं 13 अक्टूबर को पूज्य झूलेलाल मंदिर, कृष्णा मोहल्ला में किया जाएगा। महोत्सव की विधिवत शुरुआत शुक्रवार को शाम 5.15 बजे ध्वजारोहण के साथ हुई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने झूलेलाल साहिब के पंजड़े गाकर स्तुति की। इस दौरान 'झंडो झूले झूले मुहिंजे लालण जो' के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने छेज लगाकर उत्साहपूर्वक खुशी मनाई तथा पलव पाकर आरती की गई। इस अवसर पर सिंधी समाज के दीक्षांत हरचंदानी के नवनियुक्त उपसभापति बनने तथा वर्षा तिलोकानी के पार्षद बनने पर समाज की ओर से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राजा वाधवानी, नरेंद्र जेसवानी, पुरुषोत्तम केवलानी, बाबा कबीर दास, बाबा जितेंद्र वाधवानी, गुलाब राय, दीपक तेजवानी, गंगाराम तिलोकानी, राजू जेसवानी, जगदीश तिलोकानी एवं राजू खूबचंदानी सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा सुनेल, रंग-गुलाल से सतरंगी हुआ शहर

स्मार्ट हलचल

**सुनेल** सुनेल कस्बे में शुक्रवार को गणेश विसर्जन शोभायात्रा धूमधाम और उल्लास के साथ निकाली गई। कस्बे के विभिन्न स्थानों से निकली दर्जनभर से अधिक शोभायात्राओं में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। बैंड-बाजों डीजे की धुन और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से पूरा कस्बा भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर अबीर-गुलाल उड़ाकर रंगों की होली खेली, जिससे पूरा वातावरण सतरंगी नजर आया। शोभायात्रा का मुख्य आयोजन राम मंदिर परिसर से शुरू हुआ। यात्रा रंजा चौक, ग्राम पंचायत चौक और महाराणा प्रताप



सर्किल होते हुए आहू नदी घाट पहुंची, जहां गणेश प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। नवलपुर मोहल्ला, वाल्मीकि मंडल, राम मंदिर गणेश मंडल, कृष्ण मंदिर गणेश मंडल, कुम्हार समाज, चौथ माता मंदिर, मेला मैदान, हजारी गणेश मंदिर, घाणा चौक, पाटलिया मोहल्ला, सरकारी कुइया आर्य समाज रोड सहित विभिन्न स्थानों से गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के लिए लाई गईं। दस दिनों तक कस्बे में दर्जनों स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना, हवन और धार्मिक अनुष्ठान किए गए। अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने बैंड-बाजों की धुन पर नाचते-गाते हुए भगवान गणेश को भावभीनी विदाई दी। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गणेश प्रतिमाओं की आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया। प्रमुख चौराहे पर दिखाए हैरतअंगेज करतब गणेश मंडल की ओर से कस्बे के प्रमुख चौराहे पर अखाड़े का प्रदर्शन भी किया गया। अखाड़े के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर मौजूद लोग रोमांचित हो उठे। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा रहे। पूरी शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति और उत्साह में सराबोर नजर आए। अबीर-गुलाल और रंगों की वर्षा के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उन्हें अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण दिया।

## दो ट्रेलरों की भिड़ंत के बाद एक में लगी भीषण आग, चालक जिंदा जला



### खरवा हाईवे पर दर्दनाक हादसा, ट्रेलर के केबिन में फंसा रहा चालक; दमकल दल ने आग पर पाया काबू

स्मार्ट हलचल

**अनिल खींची ब्यावर।** खरवा हाईवे पर शुक्रवार को दो ट्रेलरों की भिड़ंत के बाद एक ट्रेलर में अचानक भीषण आग लग गई। हादसे के दौरान ट्रेलर का चालक केबिन में फंस गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और चालक की जिंदा जलने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही नगर परिषद ब्यावर के अग्निशमन विभाग का दमकल वाहन तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुआ। सूचना मिलने पर सहायक अग्निशमन अधिकारी ताराचंद भट्ट के नेतृत्व में अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने की कार्रवाई शुरू की। अग्निशमन दस्ते में पारी प्रभारी बलराम सिंह, वाहन चालक मोहम्मद इस्माईल, धर्मेंद्र कुमार तथा नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक हुसैन खान शामिल रहे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर ट्रेलर में लगी आग पर काबू पाया। बताया गया कि आग ट्रेलर के ड्राइवर केबिन में लगी थी और आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि चालक को बाहर निकालने का मौका नहीं मिल सका। हादसे में चालक की मौके पर ही जिंदा जलने से मौत हो गई। मृतक की पहचान देवानन्द पुत्र शंकर, उम्र करीब 50 वर्ष, निवासी दूदू के रूप में हुई है। वह श्रीनिधि ट्रांसपोर्ट कंपनी से जुड़ा बताया गया है। हादसे में शामिल ट्रेलर का पंजीयन नंबर RJ 36 GB 0840 बताया गया है। घटना के बाद हाईवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना पर संबंधित पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आदर्श विद्या मंदिर में गूंजा राष्ट्रगीत

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव के तहत आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आदर्श विद्या मंदिर सहित ब्यावर शहर के विभिन्न राजकीय एवं निजी संपर्क विद्यालयों के आचार्य-दीदी, विद्यार्थी एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में 384 आचार्य-दीदी तथा 17,389 से अधिक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का सस्वर गायन किया गया। देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से सराबोर हो गया। मुख्य वक्ता डॉ.



अनिरुद्ध शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, नई प्रेरणा और नव-स्फूर्ति का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि बचपन से ही बच्चों में देशभक्ति की भावना विकसित होने से वे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्य अतिथि गणपत बालोटिया ने 'वन्दे मातरम्' के ऐतिहासिक महत्व एवं राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश चंद्र भराडिया ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी सहित विद्यालय के आचार्य-दीदी, विद्यार्थी, अभिभावक एवं अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के कल्याण एवं देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ। आयोजन को सफल बनाने में ममता शर्मा, हिमांशु अवस्थी, संजय सांगेला सहित सभी आचार्य-दीदी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### सेवा और जागरूकता के संदेश के साथ मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर रोगियों को दवाओं के सुरक्षित उपयोग की सीख

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर रोगियों को दवाओं के सुरक्षित उपयोग के प्रति किया जागरूक

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ (एकीकृत), जिला शाखा कोटा ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस को जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में सेवा पर्व के रूप में मनाया। इस दौरान रोगी सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. महावीर प्रसाद खींची ने बताया कि इस वर्ष विश्व फार्मासिस्ट दिवस की




थीम 'स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्ट को सशक्त बनाना' (Empowering Pharmacists for Healthier Futures) रही। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं की अहम कड़ी हैं और दवाओं के सुरक्षित व प्रभावी उपयोग के बारे में लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमबीएस अस्पताल में फार्मासिस्टों ने रोगियों को फल वितरित किए। साथ ही रोगियों और उनके परिजनों को दवाओं के सही उपयोग, निर्धारित खुराक तथा सुरक्षित सेवन की जानकारी दी। न्यू मेडिकल कॉलेज परिसर में 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मुहम्मद रफीक, डॉ. अजय आहूजा, संघ संरक्षक सुरेश मेहरा सहित लोकेश चतुर्वेदी, विनोद सोन, मुरारीलाल नागर, नरेश गर्ग, रामगोपाल सोनी, रीतेश कौशरवार, ऋतिक औदीच्य, नवनीत शर्मा, वीणा कुमारी, सरोज मीणा, पंकज नागर और गौरव सनाढ्य उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न कार्यस्थलों पर सेवारत फार्मासिस्ट एवं एम.एन.डी.वाई. स्टाफ ने भी सहभागिता की।

# श्याम भक्ति में डूबा महुवा: हजारों श्रद्धालुओं ने हाथों में निशान लेकर हलेना धाम की ओर बढ़ाए कदम, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

### श्री श्याम मित्र मंडल की चतुर्थ भाव निशान पदयात्रा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रवाना, हलेना पहुंचकर हुआ विशाल भंडारा

स्मार्ट हलचल

महुवा श्री श्याम मित्र मंडल सब्जी मंडी महुवा के तत्वावधान में शुक्रवार को महुवा से श्री खाटू श्याम जी मंदिर हलेना धाम की चतुर्थ निशान पदयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के महुवा नगर पालिका के अध्यक्ष विनीत बंसल के साथ हजारों पद यात्रियों के साथ रवाना हुई। पदयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में सुबह से ही खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में श्री खाटू श्याम बाबा के निशान एवं ध्वज लेकर पदयात्रा में शामिल हुए। पदयात्रा की शुरुआत पुरानी तहसील स्थित श्री गिरिराज जी मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद महुआ नगर पालिका के अध्यक्ष विनीत बंसल सहित अन्य श्रद्धालुओं के साथ हेलेना स्थित खाटू श्याम मंदिर के



लिए रवाना हुई। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के जयकारों के साथ यात्रा का शुभारंभ किया। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई और पूरा मार्ग 'श्याम बाबा की जय' के जयकारों से गूंज उठा।

**एक रुपए शुल्क में निकली भव्य पदयात्रा**

श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से आयोजित इस पदयात्रा में श्रद्धालुओं के लिए यात्रा शुल्क मात्र एक रुपए रखा गया। आयोजन को लेकर मंडल के कार्यकर्ताओं ने पहले से ही व्यापक तैयारियां की थीं। पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए रास्ते में जगह-जगह जलपान, नाश्ते एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई।

**श्रद्धालुओं का तस्वीर भेंट कर किया स्वागत**

पदयात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से यात्रियों को श्री खाटू श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। जलपान एवं नाश्ते की व्यवस्थाओं के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया। कई स्थानों पर श्याम भजनों और जयकारों के बीच श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

**हाथों में निशान, जुबां पर बाबा श्याम के जयकारे**

पदयात्रा की सबसे खास बात यह रही कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में श्याम बाबा के निशान और ध्वज लेकर चल रहे थे। महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ पदयात्रा में भाग लिया। श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कई श्रद्धालु भजनों पर झूमते और नाचते हुए यात्रा में आगे बढ़ते नजर आए।

**हलेना पहुंचने पर विशाल भंडारे का आयोजन**

पदयात्रा हलेना स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर धाम पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

आयोजकों ने बताया कि इस धार्मिक पदयात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बाबा श्याम की भक्ति से जोड़ना और सामूहिक रूप से धार्मिक आस्था एवं भाईचारे का संदेश देना है। पदयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हर तरफ श्याम ध्वज और निशान दिखाई दे रहे थे, जिससे महुवा से लेकर हलेना तक का माहौल पूरी तरह श्याममय नजर आया।

# NEET-PG में ब्यावर के दो युवा डॉक्टरों ने लहराया परचम

### डॉ. यश रतवानी ने हासिल की 106वीं रैंक, दिशान्त राज कौरानी की 9000वीं रैंक

स्मार्ट हलचल





**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** शहर के सिंधी समाज के दो युवा डॉक्टरों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित NEET-PG परीक्षा में सफलता हासिल कर ब्यावर का नाम रोशन किया है। डॉ. यश रतवानी ने राष्ट्रीय स्तर पर 106वीं रैंक हासिल की, वहीं डॉ. दिशान्त राज कौरानी ने 9000वीं रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। दोनों की उपलब्धि पर परिजनों, समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष जताते हुए बधाई दी। डॉ. यश रतवानी ने गुजरात के अहमदाबाद से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित NEET-PG परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 106वीं रैंक हासिल की। डॉ. यश की इस उपलब्धि से उनके परिवार एवं सिंधी समाज में खुशी का माहौल है। उनके पिता नन्दलाल रतवानी ब्यावर शहर में व्यवसाय करते हैं। इसी क्रम में दिशान्त राज कौरानी, पुत्र राजकुमार कौरानी, ने भी NEET-PG परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। दिशान्त ने 2020 बैच में भीलवाड़ा के सरकारी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की तथा इसी वर्ष फरवरी में एमबीबीएस पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित NEET-PG परीक्षा में हिस्सा लिया और 9000वीं रैंक हासिल की। दिशान्त राज कौरानी अब आगे जनरल सर्जरी में पोस्ट ग्रेजुएशन (MD/MS) करने की तैयारी कर रहे हैं। दोनों युवा चिकित्सकों की सफलता को ब्यावर शहर और सिंधी समाज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। समाजजनों ने दोनों डॉक्टरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# 70वीं जिला स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता में पापड़ी का शानदार प्रदर्शन,

### पापड़ी की चारों टीमों ने जीते मुकाबले-19 वर्ष छात्रा वर्ग में प्रथम और 17 वर्ष छात्रा वर्ग में भी हासिल किया प्रथम स्थान

स्मार्ट हलचल



**टोंक/बूंदी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भीया के पाटन में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय सेपक टकरा खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पापड़ी की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में पापड़ी विद्यालय की चारों टीमों ने पहली बार सेपक टकरा खेल में भाग लेते हुए दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन पापड़ी की टीमों ने 6 में से 6 मुकाबलों में जीत दर्ज कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय की टीम ने 19 वर्ष छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान, 17 वर्ष छात्र वर्ग में तृतीय स्थान तथा 19 वर्ष छात्र वर्ग में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं 17 वर्ष छात्रा वर्ग में भी पापड़ी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। टीम प्रभारी बाबूलाल राठौर ने बताया कि विद्यार्थियों ने पूरी लगन, मेहनत और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय की प्रधानाचार्य नीतू शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। ज्योति जैन एवं रेणू मीणा ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### अनंत चतुर्दशी पर दिगम्बर जैन समाज ने मनाया उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म

# वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक पर चढ़ाया निर्वाण मोदक, जिनालयों में हुए विशेष धार्मिक आयोजन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** दिगम्बर जैन समाज के दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व का समापन अनंत चतुर्दशी के अवसर पर उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं धार्मिक आयोजनों के साथ हुआ। शहर के विभिन्न जिनालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। समाजजनों ने भगवान के दर्शन, अभिषेक एवं पूजन कर धर्मलाभ लिया। इस दौरान शहर का वातावरण धर्ममय और भक्तिमय बना रहा। अनंत चतुर्दशी पर भगवान वासुपूज्य के मोक्ष कल्याणक को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। विभिन्न जिनालयों में विशेष पूजन-अभिषेक के बाद निर्वाण मोदक अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में श्रद्धा समर्पित कर परिवार एवं समाज की सुख-शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। नसिया में स्वर्ण-रजत कलशों से अभिषेक: सेठ चम्पालाल रामस्वरूप की नसिया में



विशेष धार्मिक आयोजन हुए। ट्रस्टी अनिल जी रानीवाला एवं रानीवाला परिवार द्वारा स्वर्ण एवं रजत कलशों से श्रीजी का अभिषेक किया गया। मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ हुए अभिषेक के दौरान जिनालय का वातावरण भक्तिमय हो गया। आदिनाथ जिनालय में कासलीवाल परिवार ने किया अभिषेक: आदिनाथ जिनालय में मनोज कुमार, धीरज कुमार, रोनक, रोनित, मनन एवं पुण्यम कासलीवाल परिवार को रजत कलशों से श्रीजी का अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। परिवार के सदस्यों ने विधि-विधान से अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। ब्रह्मचर्य को बताया आत्मशुद्धि का मार्ग: धर्मसभा में पंडितजी शास्त्री ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की महत्ता बताते हुए कहा कि ब्रह्मचर्य संयम, सदाचार और आत्मिक शुद्धि का आधार है। उन्होंने कहा कि संयमित जीवन व्यक्ति को इंद्रियों पर नियंत्रण रखने और अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने दशलक्षण धर्म के सिद्धांतों को केवल पर्व तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। जिनालयों में हुआ संगीतमय भक्तामर पाठ: शाम को श्री दिगम्बर जैन पंचायती नसियांजी, पार्श्वनाथ जिनालय, आदिनाथ जिनालय सहित विभिन्न जिनालयों में रिद्धि-सिद्धि भक्तामर पाठ का संगीतमय आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्तामर स्तोत्र का पाठ कर भगवान की आराधना की। धार्मिक भजनों से जिनालयों का वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके बाद भगवान की आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। दशलक्षण महापर्व के दौरान उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन और ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना की गई। अनंत चतुर्दशी पर महापर्व के समापन के साथ समाजजनों ने दसों धर्मों के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने तथा संयम, त्याग, तप, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी जरूरी



### राज्य स्तरीय युवा संवाद का ब्यावर में हुआ सीधा प्रसारण, जिला कलक्टर ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** 'विकसित भारत-जन सेवा अभियान' के तहत शुक्रवार को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय 'युवा संवाद' कार्यक्रम का ब्यावर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिले के विद्यार्थियों एवं युवाओं ने भाग लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा राज्यसभा सांसद नितिन नबीन का संबोधन सुना। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राज्यसभा सांसद नितिन नबीन ने प्रदेश के युवाओं से संवाद किया तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं उनकी सहभागिता को लेकर विचार साझा किए। युवा संवाद का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को देश और राज्य के विकास की मुख्यधारा से जोड़ना तथा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर जिला कलक्टर कमल राम मीना ने कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं को 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी, एनएसएस, एनसीसी एवं स्काउट से जुड़े बड़ी संख्या में युवा भी मौजूद रहे।

# छह ग्राम पंचायतों को यथावत उनियारा में रखने की मांग-प्रबुद्धजनों ने बैठक कर तय की आगामी रणनीति,

### रानीपुरा, कचरावता, बिलासपुर, रतनपुरा, फुलेता और बोसरिया को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी; समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उनियारा क्षेत्र की रानीपुरा, कचरावता, बिलासपुर, रतनपुरा, फुलेता एवं बोसरिया ग्राम पंचायतों को पुनः उनियारा क्षेत्र में यथावत रखने की मांग को लेकर प्रबुद्धजनों एवं ग्रामीणों की बैठक शुक्रवार को ढिकोलिया मे हाईकोर्ट एडवोकेट लाखनसिंह मीणा के स्थानीय कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए आगामी रणनीति को लेकर निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उक्त ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को विभिन्न प्रशासनिक एवं सरकारी कार्यों के लिए वर्तमान व्यवस्था के तहत करीब 100 किमी दूर स्थित देवली उपखण्ड कार्यालय तक जाना पड़ता है। जबकि उनियारा उपखण्ड की दूरी महज 15 से 20 किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों के अनुसार इससे उन्हें समय, धन एवं श्रम की अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने स्थानीय भौगोलिक स्थिति एवं जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए इन ग्राम पंचायतों को पुनः उनियारा से जोड़ने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि रानीपुरा, कचरावता, बिलासपुर, रतनपुरा, फुलेता एवं बोसरिया की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर लंबे समय से समस्याएं सामने आती रही हैं। उनका कहना है कि प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इस मामले का स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की रणनीति बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि मांग का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो उपखंड एवं जिला स्तर पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद व्यापक स्तर पर ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर संघर्ष समिति का गठन कर आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी राजनीतिक दल का समर्थन अथवा विरोध करना नहीं, बल्कि संबंधित गांवों के लोगों के प्रशासनिक कार्यों को स्थानीय स्तर पर सुगम एवं सुविधाजनक बनाना है। मांग का समाधान नहीं होने पर लोकतांत्रिक तरीके से आगे की रणनीति तय करने की बात कही गई। बैठक में मौजूद प्रबुद्धजनों एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से छहों ग्राम पंचायतों को उनकी स्थानीय सुविधा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए उनियारा क्षेत्र में यथावत रखने की मांग की।

# राजकीय अवकाश के दिनों में गैर-आपातकालीन शिविरों पर कार्य बहिष्कार का ऐलान...

### *संयुक्त समन्वय समिति ने जिला कलेक्टर व उपखंड अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन-कर्मचारियों पर अवकाश में काम का दबाव बनाने पर जताया विरोध*

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** राजकीय अवकाश के दिनों में आयोजित होने वाले गैर-आपातकालीन अभियानों एवं शिविरों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के विरोध में संयुक्त समन्वय समिति टोंक ने जिला कलेक्टर एवं उपखंड अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कार्य बहिष्कार एवं अनुशासन बनाए रखने का निर्णय घोषित किया है। संयुक्त समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ तथा प्रांतीय संयुक्त समन्वय समिति के निर्देशानुसार राजकीय अवकाश के दिनों में आयोजित होने वाले सभी गैर-आपातकालीन अभियान एवं शिविरों के पूर्ण बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। संयुक्त समिति का कहना है कि कर्मचारियों के लिए निर्धारित कार्यप्रणाली के अनुसार शनिवार,



रविवार एवं अन्य राजकीय अवकाश उनके वैधानिक अवकाश हैं तथा शारीरिक एवं मानसिक विश्राम के साथ पारिवारिक दायित्वों के लिए भी अवकाश आवश्यक है। ज्ञापन में कहा गया कि आपातकालीन सेवाओं के अतिरिक्त किसी भी गैर-आपातकालीन अभियान या शिविर के लिए कर्मचारियों को राजकीय अवकाश के दिन कार्य करने के लिए बाध्य नहीं किया जाए।

**अनुचित दबाव एवं कार्रवाई पर रोक की मांग**

समिति ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर राजकीय अवकाश के दिन कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है तथा धमकीपूर्ण चेतावनियां दी जा रही हैं। समिति ने ऐसी किसी भी एकतरफा, द्वेषतापूर्ण अथवा अनुशासनात्मक कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

**लिखित समाधान तक बहिष्कार जारी रखने की चेतावनी**

समिति ने स्पष्ट किया कि जब तक शासन स्तर पर अवकाश के दिनों में गैर-आपातकालीन कार्य नहीं करवाने संबंधी स्पष्ट एवं लिखित समाधान नहीं मिलता, तब तक संयुक्त महासंघ के निर्णय की पालना करते हुए कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। समिति ने जिला प्रशासन से मांग की कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशों का सम्मान करते हुए जिले में कार्यरत पटवारियों, कृषि पर्यवेक्षकों एवं ग्राम विकास अधिकारियों पर राजकीय अवकाश के दिनों में कार्य करने का दबाव नहीं बनाया जाए। ज्ञापन एवं प्रेस नोट में संयुक्त समन्वय समिति के पदाधिकारियों के रूप में कृषि विभाग से जिलाध्यक्ष लड्डूलाल मीणा, पंचायतीराज से चौथमल चन्देल, रमेश प्रजापत, सुरेश चौधरी, जीतराम चौधरी, भंवरलाल सैनी, सुनीता मीणा, धर्मराज चौधरी, रमेश चन्द्र गौतम, युधिष्ठिर सिंह गुर्जर, सियाराम जाट, मनराज यादव, प्रियंका साहू, दुर्गाशंकर सैनी एवं बुजराज स्वामी सहित अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी का उल्लेख किया गया है।

# पलाई तेजाजी मेले में कबड्डी का रोमांच-सोनवा टीम बनी विजेता,

### फाईनल में सोनवा ने पीपलू को हराया-विजेता को 21 हजार और उपविजेता को 11 हजार का नगद पुरस्कार

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के पलाई कस्बे में वीर तेजाजी मंदिर परिसर में वीर तेजाजी महाराज विकास सेवा समिति एवं संकल पंचों की ओर से आयोजित तीन दिवसीय विशाल तेजाजी मेले के तहत दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया। समिति अध्यक्ष रमेश धाकड़ एवं हरिराम खींची ने बताया कि प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद फाइनल मैच सोनवा



और पीपलू टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में सोनवा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पीपलू टीम को शिकस्त देकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि चारभुजा नाथ मंदिर समिति अध्यक्ष शेरसिंह सोलंकी रहे, जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष रमेश धाकड़ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीएसएस अध्यक्ष प्रधान गुर्जर, गोठिया कमलेश गुर्जर सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता सोनवा टीम को 21,000 का नगद पुरस्कार तथा उपविजेता पीपलू टीम को 11,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया। इसके साथ ही खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह, माला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। मेरा युवा भारत की ओर से विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और मोमेंटो देकर भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पलाई, सोनवा, ककोड़, लक्ष्मीपुरा, बोसरिया, काशपुरिया, निवारिया, बोरखंडी कला सहित टोंक एवं बूंदी जिले की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर रमेश धाकड़, राजूलाल धाकड़, राजेंद्र गुर्जर, बाबूलाल धाकड़, आशाराम मीना, जगदीश फौजी, प्रधान गुर्जर, पीटीआई धर्मराज मीणा, पलाई चौकी प्रभारी रमेश बेरवा, गिर्राज धाकड़, शाहरूख खां, सुरेंद्र जैन, हरिराम खींची, लोकेश पांचाल, दीपक संधावा, सियाराम प्रजापत सहित खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भामाशाह मोहता ने चूरू जिला जनसंपर्क विभाग को प्रदान किया लैपटॉप

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर -** मोहता संस्थानों के चेयरमैन एवं कोलकाता प्रवासी भामाशाह श्रीवर्धन मोहता ने चूरू जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को लैपटॉप भेंट किया है। शुक्रवार को मोहता कॉलेज परिसर में हुए कार्यक्रम में पीआरओ सूर्यकान्त कुमावत को करीब 70 हजार रुपए कीमत का नवीन तकनीकी युक्त लैपटॉप सौंपा। इस मौके पर मोहता संस्थाओं के सीईओ डॉ. प्रताप सिंह राठौड़, महाविद्यालय प्रिंसिपल गजेंद्र सिंह शेखावत,



उप प्राचार्य सुनील सहारण, मोहता हवेली प्रबंधक मनीष डोरवाल, सहायक जनसंपर्क अधिकारी मंगेज सिंह सहित चूरू के देशदीपक दीपक किरोड़ीवाल, धर्मचंद सोनी व राजगढ़ के श्याम जैन, मदनमोहन आचार्य भी उपस्थित थे। श्रेष्ठी श्रीवर्धन मोहता ने इस अवसर पर कहा का की उनका लक्ष्य सार्वजनिक गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा भागीदार निभाना है, ताकि आमजन लाभान्वित हो सके। मोहता संस्थाओं के सीईओ राठौड़ ने राजगढ़ में संचालित सर्वजन हितकारी गतिविधियों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि भामाशाह श्रीवर्धन मोहता ने 70 साल की उम्र पूरी होने के बाद दो साल से अपना अधिकांश समय जन्मभूमि क्षेत्र की सेवा और विकास के लिए समर्पित कर रखा है। यहां जहां भी आवश्यकता होती है वहां पर उनका सहयोग और आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई जाती है।।

# बेमौसम बारिश से लोगों को नुकसान, बेमौसम बारिश का कारण किसान की फसल नष्ट

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू फतेहपुर।** खुले मौसम के बीच अचानक हुई बारिश ने लोगों को हैरान कर दिया। बारिश ऐसे समय हुई जब आसमान साफ नजर आ रहा था और लोगों ने मौसम सामान्य मानकर अपने रोजमर्रा के काम शुरू कर दिए थे। अचानक हुई बारिश से कई लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। खुले में रखे सामान, अनाज और अन्य जरूरी वस्तुओं के भीगने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। बारिश के कारण कुछ देर के लिए जनजीवन भी प्रभावित रहा। लोगों का कहना है कि मौसम पूरी तरह साफ था और बारिश की कोई खास संभावना नजर नहीं आ रही थी। ऐसे में अचानक हुई बारिश ने सभी को चौंका दिया। कुछ लोग अपने सामान को बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए, जबकि कई लोग बारिश से बचने के लिए सुरक्षित स्थान तलाशते रहे। खुले में काम करने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश को लेकर जब मीडिया ने सीधे इंद्र भगवान से संपर्क कर पूरे मामले की



जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने भी मामले से अनभिज्ञता जताई। इंद्र भगवान ने कथित तौर पर कहा कि इस बारिश के मामले में उन्हें फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि आखिर बारिश किस आदेश पर और किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। इंद्र भगवान ने यह भी कहा कि बारिश के कारणों की जानकारी करने के बाद मीडिया के सामने पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। इसके लिए बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की बात भी कही गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच के बाद बताया जाएगा कि अचानक बारिश होने की वजह क्या रही और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। इंद्र भगवान के इस बयान के बाद लोगों में भी उत्सुकता बढ़ गई है। अब लोगों की नजर कथित जांच रिपोर्ट और प्रस्तावित प्रेस कॉन्फ्रेंस पर टिकी है। लोग जानना चाहते हैं कि अचानक हुई बारिश के पीछे आखिर कौन सा मौसम विभागीय राज छिपा है। हालांकि वास्तविकता में मौसम का बदलना प्राकृतिक प्रक्रिया है और बारिश कई मौसमी परिस्थितियों के कारण हो सकती है। लेकिन अचानक हुई बारिश से परेशान लोगों ने पूरे मामले को अपने-अपने अंदाज में लिया। कुछ लोगों ने इसे मौसम की मनमानी बताया तो कुछ ने मजाकिया अंदाज में इंद्र भगवान से जवाब मांग लिया।

फिलहाल बारिश थम चुकी है, लेकिन नुकसान झेलने वाले लोगों की परेशानी बनी हुई है। अब देखना यह होगा कि इंद्र भगवान की कथित जांच कब पूरी होती है और प्रेस कॉन्फ्रेंस में बारिश का कौन सा नया कारण सामने आता है।



### राज उन्नति की 9वीं बैठक- गांव, गरीब और किसान विकास परियोजनाओं का केन्द्र बिन्दु

# विकास परियोजनाओं में नहीं हो किसी तरह की कोताही:मुख्यमंत्री

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गांव, गरीब, युवा, नारी शक्ति और किसान राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं का केन्द्र बिन्दु हैं। नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ गांव-ढाणी तक समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने कई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए हैं। प्रशासनिक अधिकारी इन योजनाओं का बेहतरीन क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, पानी और बिजली सहित अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं हो। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित राज उन्नति की 9वीं बैठक में लगभग 15 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं एवं विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आमजन को योजनाओं एवं विकास कार्यों का समय पर लाभ मिले, इसके लिए स्वीकृति, निविदा तथा कार्यादेश समय पर जारी हों तथा इनको समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। सभी प्रक्रियाओं को स्ट्रीमलाइन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजनाओं में अनावश्यक



विलम्ब करने वाले संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए। अधिकारी अपने दफ्तरों से बाहर निकलकर फील्ड में जाकर कार्यों का निरीक्षण करें। हर योजना की हर स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग हो और प्रशासन पूर्णतया आमजन से जुड़कर कार्य करे।

**अटल प्रगति पथों से गांवों में बेहतर कनेक्टिविटी**

उन्होंने प्रदेश में 5 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण कस्बों में अटल प्रगति पथों के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि वर्ष 2025-26 के सभी शेष कार्य एवं वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण के प्रगतिरत कार्यों को नवम्बर 2026 तक पूरा किया जाए। वहीं, वर्ष 2026-27 के द्वितीय चरण के सभी निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए जाएं। उन्होंने कहा कि अटल प्रगति पथों के निर्माण कार्यों की जिलेवार टाइमलाइन तय कर कार्यों की गुणवत्ता की भी निरंतर मॉनिटरिंग की जाए।

इनका कार्य पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन बेहतर होने के साथ ही जनसुविधाओं तक आमजन की पहुंच सुगम हो सकेगी।

**स्कूल भवन होंगे आधुनिक सुविधाओं से युक्त 65 हजार 308 विद्यालयों का सघन तकनीकी सर्वे पूर्ण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा का स्तर और बेहतर करने के लिए स्कूल भवनों का पुनरुद्धार करने के साथ ही उनमें आधुनिक सुविधाओं का भी विस्तार करेगी। इस पर करीब 12 हजार 500 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक निवेश किया जा रहा है।

## न्यूज इन बॉक्स



### जयपुर पहुंचीं एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी, बोलीं- राजस्थान से पुराना जुड़ाव

**कहा- यहां मेरी चार फिल्मों की शूटिंग हुई, राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड**

जयपुर(नि.सं.)। बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ममता कुलकर्णी शुक्रवार सुबह फ्लाइट से जयपुर पहुंचीं। जयपुर एयरपोर्ट पर राजस्थान फिल्म फेस्टिवल की संस्थापक संजना शर्मा ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से ममता सीधे होटल के लिए रवाना हुईं। जयपुर पहुंचने के बाद उन्होंने राजस्थान से अपने पुराने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि यहां उनका फिल्मों के साथ काफी पुराना रिश्ता रहा है और उनकी चार फिल्मों की शूटिंग राजस्थान में हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कई साल बाद एक बार फिर जयपुर आना उनके लिए खास अनुभव है। ममता कुलकर्णी शुक्रवार शाम राजस्थान फिल्म फेस्टिवल की ओर से आयोजित इंटर स्कूल-कॉलेज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसके बाद वे इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड समारोह में भी शामिल होंगी, जहां देशभर से आए इन्फ्लुएंसर्स को सम्मानित किया जाएगा। वहीं शनिवार को आयोजित होने वाले राजस्थान फिल्म फेस्टिवल के मुख्य समारोह में ममता कुलकर्णी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।



**लॉरेंस गैंग ने रची पूर्व विधायक के मर्डर की साजिश**

### शूटर्स के मोबाइल में मिली संयम लोढ़ा की फोटो; फार्म हाउस पर भीड़ होने पर बदला प्लान

जयपुर(नि.सं.)। जोधपुर में पकड़े गए लॉरेंस गैंग के शूटरों ने पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है। गैंग ने कांग्रेस के पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस को आरोपियों के मोबाइल फोन से पूर्व विधायक की फोटो मिली है। शूटरों से सिरोही में लोढ़ा के फार्म हाउस की रेकी करवाई गई थी। फार्म हाउस पर पार्षदों की भीड़ होने के कारण गैंग ने वारदात का प्लान बदल दिया। दोनों को जोधपुर भेज दिया गया था। साजिश को विदेश से ऑपरेट करने और हरियाणा के गुर्गों के जरिए शूटरों को लोकल सपोर्ट देने की बात सामने आई है। दोनों शूटर नेपाल से यहां पहुंचे थे। जिसके चलते कई दिनों तक संयम लोढ़ा के फार्म हाउस की रेकी की गई। लेकिन निकाय चुनाव की भीड़ के चलते वारदात को अंजाम नहीं दे सके। इसके बाद दोनों जोधपुर पहुंचे।



**कानून से तकनीक तक**

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कानून,तकनीक और जनभागीदारी, तीनों का समन्वय जरूरी : चन्द्रवाल

जयपुर(नि.सं.)। पर्यावरण संरक्षण केवल कानूनों और नियमों के अनुपालन तक सीमित विषय नहीं है बल्कि विज्ञान, तकनीक, प्रशासन, उद्योग और जनभागीदारी के समन्वय से जुड़ी एक सतत प्रक्रिया है। इसी व्यापक दृष्टिकोण को समझने के उद्देश्य से भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल के प्रबंधन स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मण्डल की कार्यप्रणाली, पर्यावरणीय विनियमन, प्रदूषण नियंत्रण की व्यवस्थाओं तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े



कानूनी, वैज्ञानिक एवं तकनीकी पहलुओं को विस्तृत से समझा। इस अवसर पर मण्डल के सदस्य सचिव श्री कपिल चन्द्रवाल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रभावी परिणामों के लिए कानून, आधुनिक तकनीक और जनभागीदारी के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय चुनौतियां निरंतर बदल रही हैं और इनके समाधान के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तकनीक आधारित निगरानी के साथ सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता जरूरी है।

**मण्डल की कार्यप्रणाली से कराया रूबरू :** शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मुख्य पर्यावरण अभियंता श्री विष्णु दत्त पुरोहित ने विद्यार्थियों को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मण्डल की नियामकीय भूमिका, प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरणीय निगरानी तथा उद्योगों के पर्यावरणीय अनुपालन से संबंधित व्यवस्थाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। अतिरिक्त मुख्य पर्यावरण अभियंता श्री भुवनेश माथुर ने विद्यार्थियों को जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विकासक्रम की जानकारी दी।

**नशे से दूर, सेहत के करीब**

### राजवंश स्कूल के विद्यार्थियों ने लिया 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा गौरव' का संकल्प



जयपुर(नि.सं.)। बरकत नगर स्थित राजवंश पब्लिक स्कूल में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत–मेरा स्वास्थ्य, मेरा गौरव' अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा क्षेत्रीय निदेशालय, राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के साथ स्वस्थ जीवनशैली और अपने स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देना रहा। विद्यालय की निदेशक सीता चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के अंतर्गत 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित स्वस्थ जीवनशैली तथा नशे से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए खान-पान और दैनिक जीवनशैली में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।



### अनुराधा मलिक ने संभाला अध्यक्ष पद का कार्यभार

**केशोरायपाटन नगरपालिका की नई चेयरमैन के रूप में ग्रहण किया पदभार**

बूंदी(वि.सं.)। बूंदी की केशोरायपाटन नगरपालिका की नवनिर्वाचित चेयरमैन अनुराधा मलिक ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ विधिवत रूप से अध्यक्ष की कुर्सी संभाली। इस दौरान साधु-संत भी मौजूद रहे। एसडीएम और प्रशासक जगदीश प्रसाद और अधिशाषी अधिकारी पूर्णिमा शर्मा ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। नगरपालिका परिसर में आयोजित साधारण सभा में अध्यक्ष अनुराधा मलिक ने अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने कहा कि शहर की मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, पानी, सफाई और लाइट को बेहतर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। अनुराधा मलिक ने कहा कि धार्मिक नगरी केशोरायपाटन को पर्यटन के नक्शे पर विशेष पहचान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

**प्रदेश के कृषि क्षेत्र में नई तकनीकी क्रांति**

## एआई से सशक्त होंगे किसान और कृषि प्रशासन:नरेश कुमार गोयल



जयपुर (नि.सं.)। प्रदेश में कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक, नवाचार और डेटा आधारित निर्णय प्रणाली से जोड़ने की दिशा में कृषि विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में कृषि अधिकारियों को Wadhwani Institute for Artificial Intelligence (Wadhwani AI) के विशेषज्ञों द्वारा कृषि क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के उपयोग, संभावनाओं और व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर शुक्रवार को पंत कृषि भवन के सभा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषि अधिकारियों को AI की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराने के साथ-साथ कृषि प्रशासन, योजना निर्माण, निगरानी, निर्णय प्रक्रिया और किसान सेवाओं में इसके प्रभावी उपयोग की संभावनाओं को समझना है। विभाग का लक्ष्य AI को केवल तकनीकी प्रयोग तक सीमित न रखकर कृषि व्यवस्था और किसान सेवा वितरण का अभिन्न हिस्सा बनाना है।

**किसानों तक पहुंचेगा AI का लाभ**

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में AI की उपयोगिता विभागीय कार्यों तक सीमित नहीं है। किसानों तक इस तकनीक का प्रभावी हस्तांतरण आने वाले समय में कृषि को अधिक स्मार्ट, लाभकारी, टिकाऊ और जोखिम-रोधी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



हिना
बेटी

पुरखाराम
पिता

### सरकारी टीचर की बेटी को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया


**पिता बोले–गर्भपात की दवाइयां देते थे, तंत्र-मंत्र से टॉर्चर किया**

जैसलमेर(वि.सं.)। शादी के 14 साल बाद सरकारी टीचर की बेटी को ससुराल में पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। 90 फीसदी से ज्यादा झुलसी महिला ने जोधपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामला जैसलमेर के खुहड़ी थाना क्षेत्र के कोरवा गांव का है। घटना 21 सितंबर की रात करीब एक बजे हुई। 24 सितंबर की सुबह जोधपुर में इलाज के दौरान हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। पिता का आरोप है कि पुश्तैनी जमीन हड़पने के लिए जेठानी ने उसकी बेटी के संतान नहीं होने दी। उसे धोखे से गर्भपात की दवाइयां और संदिग्ध चीजें दी जाती थीं। परिवार के लोग इलाज के नाम पर तंत्र-मंत्र और टोने-टोटके करते थे। मानसिक रूप से डराते-धमकाते थे। मायके से कार लाने के लिए भी उसे प्रताड़ित किया जाता था।

**पृथ्वीराज नगर में हड़कंप**

## हाईकोर्ट के आदेश से पृथ्वीराज नगर में हड़कंप: जेडीए ने 583 निर्माणों को माना अतिक्रमण

जयपुर पृथ्वीराज नगर (पीआरएन) क्षेत्र में हाई टेंशन लाइन और सार्वजनिक भूमि को लेकर चल रहे विवाद में राजस्थान उच्च न्यायालय के कड़े रुख के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) की कार्रवाई को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी रोष और बेचैनी फैल गई है। साहब सिंह द्वारा दायर जनहित याचिका (D.B. Civil Writ Petition No. 9075/2026) का निस्तारण करते हुए मुख्य न्यायाधीश संजय



के. अग्रवाल और न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह की खंडपीठ ने जेडीए को विधि सम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए और प्रभावित पक्षों को सुनवाई का उचित अवसर देकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए हैं। अदालत में पेश जेडीए के शपथ पत्र ने पूरे मामले में नया मोड़ ला दिया है। जेडीए ने पीतांबर नगर एक्सटेंशन, शक्ति नगर, बाबा रामदेव नगर, गजसिंहपुरा और जानकी विहार जैसे क्षेत्रों के भौतिक सत्यापन के बाद स्पष्ट किया कि मौके पर कुल 583 निर्माण मौजूद हैं, जिनमें 271 आवासीय मकान, 237 दुकानें, 49 बाउंड्री वॉल, 3 होटल, 1 मैरिज हॉल, 1 मंदिर, 2 स्कूल, 1 लाइब्रेरी और 18 गोदाम शामिल हैं।

**'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान** | **प्रदेश भर के अस्पतालों के अंदर और आसपास संचालित कैंटीन एवं खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान शुरू**

## पहले दिन 100 से अधिक अस्पतालों और आसपास के 172 से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में संचालित 'शुद्ध आहारङ्कमिलावट पर वार' अभियान के तहत मरीजों एवं उनके परिजनों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रदेशभर में विशेष सघन निरीक्षण एवं नमूनीकरण अभियान शुरू किया गया है।अभियान के पहले दिन 100 से अधिक सरकारी एवं निजी अस्पतालों की कैंटीन/रेस्टोरेंट तथा अस्पतालों के आसपास स्थित 172 से



अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 159 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए गए और प्रयोगशालाओं में भेजे गए। वहीं करीब 1500 किलोग्राम खाद्य सामग्री को मौके पर नष्ट कराया गया। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ ने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए उपचार के साथ सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों के अंदर और आसपास संचालित कैंटीन एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षित भंडारण की

## संक्षिप्त समाचार

### 63 डिग्री तापमान में मिला जिंदा अमीबा, बढ़ा रहा है आबादी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के लासेन वोल्केनिक नेशनल पार्क के खौलते झरनों में वैज्ञानिकों ने एक ऐसा अमीबा खोजा है, जो 63 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी जीवित रहने के साथ अपनी संख्या बढ़ा रहा है। नए जीव का नाम इंसेंडियामीबा कैस्केडेंसिस रखा गया है, जिसका अर्थ कैस्केड्स का फायर अमीबा है। अब तक माना जाता था कि जटिल कोशिकाओं वाले जीव 60 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में जीवित नहीं रह सकते।

### इस्राइल के राजदूत का बेटा वेस्ट बैंक में रामिंग हमले में गंभीर रूप से घायल

**न्यूयार्क, एजेंसी।** इस्राइल के अमेरिका में राजदूत येचियल लाइटर के बेटे नेरिया लाइटर वेस्ट बैंक में बुधवार को एक रामिंग हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। नेरिया इजरायल की सेना में आरक्षित सैन्यकर्मी हैं। राजदूत येचियल लाइटर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, उनके बेटे को 'चमत्कार की जरूरत है।' सेना के अनुसार, एक फिलिस्तीनी व्यक्ति ने बेत होरोन बस्ती के पास सुरक्षा चौकी पर कार से टक्कर मारी। हमले में एक अधिकारी गंभीर घायल हो गया। इस्राइली सेना ने भागने की कोशिश कर रहे हमलावर को गोली मारकर मार दिया। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने संदिग्ध की पहचान महमूद सुलेमान बताई। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने लाइटर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राजदूत लाइटर के बड़े बेटे मोशे येदिद्या लाइटर की 7 अक्तूबर, 2023 के हमास हमले के बाद गाजा में मौत हो गई थी। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक में हिंसक घटनाओं में वृद्धि हुई है।

### ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में कैरिबियन और बरमूडा के स्थानीय शब्द शामिल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी ने बरमूडा और कैरिबियन में इस्तेमाल होने वाले एक दर्जन से अधिक शब्दों को आधिकारिक मान्यता दी। बुधवार को जिन शब्दों को मान्यता दी गई इनमें 'बिमपर्ट' (मूर्ख व्यक्ति) और 'हॉर्नरमैन' (बेवफा पुरुष) जैसे शब्द प्रमुख हैं। लियोनार्ड अलेक्जेंडर ने 'हॉर्नरमैन' के शामिल होने पर खुशी जताई। 'वेक्स मनी' वह पैसा है जो महिलाएं आपात स्थिति के लिए सुरक्षित रखती हैं। 'जाब्लेस' एक दुष्ट महिला आत्मा है, जबकि 'डौएन' बपतिस्मा से पहले मरे बच्चे की आत्मा है। एवियोन जॉर्ज ने कहा कि यह मान्यता युवा पीढ़ियों के लिए परंपरा बचाती है। 'शेडिश', 'शुगर केक', 'पीनट पंच' जैसे खाद्य-संबंधी शब्द भी जोड़े गए। 'नाना', 'नानी' (मातृ दादा-दादी) और 'हम्मा' (दोस्त) जैसे शब्द भी सूची में हैं। 'ट्रिनबैगोनियन' और 'कैनबौले' (दास मुक्ति का कार्निवल उत्सव) अंतिम कैरिबियन शब्द हैं। शेरविन विलियम्स ने कहा कि इससे दुनिया उनके त्रिनिदादियन मूल को समझेगी।

### कीव में रूसी बैलिस्टिक मिसाइल हमलों में दो की मौत, जेलेंस्की बोले- दबाव बिना युद्ध खत्म नहीं करेगा रूस

कीव, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि दबाव के ब?िना रूस युद्ध खत्म नहीं करेगा। रूस ने बुधवार रात कीव पर फ?िर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। जेलेंस?की ने बताया कि यह हमला ठीक उस समय हुआ, जब हम अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। हमले में अब तक दो लोगों की मौत की खबर है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर हमले की जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा, ''जब हम अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे और लिंडसे ग्राहम कानून तथा पाबंदियों को और कड़ा करने की जरूरत पर चर्चा कर रहे थे, उसी समय रूस ने कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। दबाव के बिना रूस इस युद्ध को खत्म नहीं करेगा।'' जेलेंस्की ने बताया, जब लोग सो रहे थे, तब धमाकों की चमक से आसमान रोशन हो गया। एक बार फिर हमले में मुख्य रूप से कीव और आम नागरिकों से जुड़े बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। रिहायशी इमारतों, एक मैटरनिटी अस्पताल, ऊर्जा से जुड़े ढांचे और लॉजिस्टिक्स ठिकानों पर भी हमला हुआ। उन?होंने बताया अब तक दो लोगों की मौत की खबर है। उनके परिवार और करीबियों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। कुछ लोग घायल भी हुए हैं।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में 10 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की

## कहा- ड्रोन हमलों का जवाब दिया, तालिबान ने पहले चौकियों पर गोलाबारी की



**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने गुरुवार तड़के अफगानिस्तान में 10 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान का कहना है कि इन ठिकानों से एक दिन पहले उसके खिलाफ ड्रोन हमले किए गए थे। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक, इससे पहले अफगान तालिबान बलों ने पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर गोलाबारी की थी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि सीमा पार घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के बाद यह कार्रवाई की गई। अफगानिस्तान ने इन ताजा हमलों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

**पाकिस्तान ने 8 ड्रोन मार गिराने का दावा :** पाकिस्तान ने बुधवार को दावा किया कि उसकी सुरक्षा बलों ने 8 ड्रोन मार गिराए। अधिकारियों के मुताबिक, ये ड्रोन अफगान तालिबान ने भेजे थे और कोहाट व तोर्खम में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सभी ड्रोन सीमा के पास ही गिरा दिए गए। पाकिस्तान के मुताबिक, इनसे कोई नुकसान नहीं हुआ। दूसरी तरफ अफगानिस्तान ने इन हमलों से इनकार किया था। अफगान तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बुधवार को कहा था कि हमारे सुरक्षा बलों ने कोई हमला नहीं किया।

**पाक का आरोप- टीटीपी के आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की :** पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों ने पक्तिया और नंगरहार से पाकिस्तान में घुसने की कोशिश की। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने इसे नाकाम कर दिया। इसके बाद अफगान तालिबान बलों ने पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर मोर्टार और भारी हथियारों से गोलाबारी की। जवाब में पाकिस्तान ने तालिबान की चौकियों और मोर्टार ठिकानों पर तोपों से हमला किया। पाकिस्तान टीटीपी को 'फितना-उल-खवारिज' कहता है। टीटीपी और अफगान तालिबान अलग संगठन हैं। हालांकि, दोनों के बीच गठजोड़ बताया जाता है।

**पाकिस्तान और टीटीपी में लड़ाई क्यों :** 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया। इससे ञ्ञ्क्ष नाराज हो गया, वह इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था। टीटीपी का मानना है कि पाकिस्तान सरकार सच्चा इस्लाम नहीं मानती है, इसलिए वो उसके खिलाफ हमला करता है। टीटीपी का अफगान तालिबान के साथ गहरा जुड़ाव है। दोनों समूह एक-दूसरे को समर्थन देते हैं। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान ने टीटीपी को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले किए।

**3 दिन पहले भी हुई थी एयरस्ट्राइक :** सोमवार को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने दावा किया था कि इसमें 28 आतंकी मारे गए। वहीं, अफगान अधिकारियों ने कहा था कि हमले में कम से कम 3 नागरिकों की मौत हुई और 4 घायल हुए।

**पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमला क्यों किया :** पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने सोशल मीडिया पर बताया कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में 10 जगहों को निशाना बनाया है। इससे एक दिन पहले पाकिस्तानी अधिकारियों ने दावा किया था कि अफगान तालिबान की ओर से आठ ड्रोन भेजे गए थे। पाकिस्तान के मुताबिक इन ड्रोन को कोहाट शहर और तोरखम सीमा क्षेत्र तक पहुंचने से पहले ही मार गिराया गया। अधिकारियों ने कहा कि सभी ड्रोन नष्ट कर दिए गए और उनसे कोई नुकसान नहीं हुआ। पाकिस्तान का कहना है कि उसकी सेना ने सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश को भी नाकाम किया था।

**अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के आरोपों पर क्या कहा :** अफगान तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के इन आरोपों को खारिज किया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बुधवार को कहा था कि अफगान तालिबान बलों ने पाकिस्तान पर कोई हमला नहीं किया। पाकिस्तान के ताजा हवाई हमलों पर काबुल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। इससे पहले भी पाकिस्तान ने पूर्वी अफगानिस्तान में लड़ाकों के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। पाकिस्तान ने उस कार्रवाई को आतंकियों के खिलाफ अभियान बताया था, जबकि अफगान अधिकारियों ने हमले में नागरिकों के मारे जाने की बात कही थी। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक, अफगानिस्तान की तरफ से कथित घुसपैठ की कोशिश के बाद तालिबान बलों ने पाकिस्तानी सीमा चौकियों पर मोर्टार और भारी हथियारों से हमला किया।

# जेलेंस्की बोले- रूस भारतीयों को बहला-फुसलाकर जंग में भेज रहा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को यूएन महासभा में कहा कि रूस 47 देशों के नागरिकों को बहला-फुसलाकर अपनी सेना में भर्ती कर रहा है। इनमें भारत के लोग भी शामिल हैं। जेलेंस्की ने कहा कि इन देशों के नागरिकों को धोखे से रूस लाया गया और बाद में युद्ध के मैदान में भेज दिया। भारत के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, रूसी सेना में 227 भारतीय नागरिक भर्ती हुए थे। इनमें से 139 को रूसी सेना से छुट्टी मिल चुकी है, जबकि 51 की मौत हुई है। भारत सरकार बाकी नागरिकों की वापसी के लिए रूस से बातचीत कर रही है।

**जेलेंस्की बोले- पुतिन ज्यादा जमीन कब्जाना चाहते हैं :** जेलेंस्की ने कहा कि रूस ज्यादा से ज्यादा लोगों को युद्ध में उतारकर यूक्रेन में अपनी पकड़ बढ़ाना चाहता है। उन्होंने दूसरे देशों से रूस पर दबाव बढ़ाने और उसकी युद्ध क्षमता कम करने की अपील की। जेलेंस्की ने रूस की कमाई पर रोक लगाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि युद्ध रोकने के लिए रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करना होगा। उन्होंने भारत, चीन और तुर्किये से रूस के साथ ऊर्जा कारोबार कम करने की अपील की। उनके मुताबिक, अगर ये देश रूस से ऊर्जा खरीद कम करते हैं तो मॉस्को पर युद्ध रोकने का दबाव बढ़ेगा।

**उत्तर कोरिया पर रूस की मदद करने का आरोप :** जेलेंस्की ने उत्तर कोरिया पर भी रूस की मदद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने रूस की मदद के लिए अपने सैनिक भेजे हैं। जेलेंस्की का दावा है कि इसके बदले उत्तर कोरिया को आधुनिक सैन्य तकनीक मिल रही है। इसमें बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन तकनीक से जुड़ी मदद भी शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन ने दो उत्तर कोरियाई युद्धबंदियों को दक्षिण कोरिया भेजा है। उनके मुताबिक, दोनों सैनिकों को जिंदा पकड़ना आसान नहीं था।

**सर्दियों में रूस की ऊर्जा सुविधाओं पर हमले की चेतावनी :** जेलेंस्की ने चेतावनी दी कि अगर रूस यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमले जारी रखता है तो यूक्रेन भी रूस की हीटिंग और ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बना सकता है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका रूस और यूक्रेन के बीच ऊर्जा सुविधाओं पर हमले रोकने को लेकर समझौता कराने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी कहा है कि अमेरिका ऐसे हमले रोकने के लिए समझौते की कोशिश कर रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि संबंधित देशों को अपने नागरिकों को इस युद्ध में और आगे जाने से रोकना चाहिए। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी देश को उन्हें अपने नागरिकों को युद्ध में घसीटने नहीं देना चाहिए।


# अमेरिकी विमानवाहक पोत 'यूएसएस अब्राहम लिंकन पर 8 नाविकों ने की आत्महत्या की कोशिश: पेंटागन के पत्र से खुलासा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मध्य पूर्व में रिकॉर्ड समय तक तैनात रहे अमेरिकी नौसेना के विशालकाय विमानवाहक पोत 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' और उसके स्ट्राइक ग्रुप के कम से कम आठ नाविकों ने आत्महत्या करने का प्रयास किया था। इस चौंकाने वाले तथ्य की पुष्टि अमेरिकी नौसेना के कार्यकारी सचिव हांग काओ द्वारा लिखे गए एक आधिकारिक पत्र से हुई है। यह पत्र सीबीएस न्यूज़ और सीएनएन के ज़रिए सार्वजनिक हुआ है, जो न्यूयॉर्क की डेमोक्रेटिक सीनेटर कर्स्टन गिलिब्रैंड द्वारा युद्धपोत पर रहने की विषम परिस्थितियों और कर्मियों के मानसिक तनाव को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में भेजा गया था।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के मद्देनजर 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' और उसके स्ट्राइक ग्रुप को करीब 10 महीने पहले मध्य पूर्व के संवेदनशील जलक्षेत्र में तैनात किया गया था: रिकॉर्ड कार्यकाल: आमतौर पर विमानवाहक पोतों की तैनाती छह से आठ महीने की होती है, लेकिन लिंकन को विस्तारित समय तक अग्रिम मोर्चे पर बनाए रखा गया।5,000 कर्मियों का मानसिक दबाव: युद्धपोत और उसके पूरे स्ट्राइक ग्रुप में करीब 5,000 सैन्य कर्मी सवार हैं। पिछले महीने नाविकों के परिवारों और अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के कई सांसदों ने पोत पर अत्यधिक दबाव, लगातार युद्ध की तैयारियों और मानसिक स्वास्थ्य के गिरते स्तर को लेकर गंभीर चिंताएं जताई थीं। स्ट्राइक ग्रुप की संरचना: इस स्ट्राइक ग्रुप में मुख्य विमानवाहक पोत के साथ-साथ एयर विंग, स्ट्राइक ग्रुप मुख्यालय, विध्वंसक स्क्वाड्रन, एस्कॉर्ट पोत और सभी विमानन स्क्वॉड्रन शामिल हैं।

**सैन डिएगो लौट रहा है युद्धपोत :** लगातार बढ़ते विवाद और नाविकों के मानसिक स्वास्थ्य पर उठ रहे सवालों के बीच, 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' अब मध्य पूर्व का मिशन पूरा कर उस इलाके से निकल चुका है। पोत फिलहाल कैलिफोर्निया स्थित अपने गृह अड्डे सैन डिएगो की ओर लौट रहा है।

# यूएन महासभा में 51 देश यूक्रेन के समर्थन में एकजुट, रूस से युद्धविराम की अपील



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में 51 देशों ने यूक्रेन की शांति की अपील का समर्थन किया है। यूरोपीय संघ (ईयू) की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने कहा कि यूक्रेन शांति चाहता है और हम सब चाहते हैं कि रूस भी ऐसा करने को तैयार हो। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने कहा कि रूस से एकजुट अपील है कि वह अपनी सैन्य कार्रवाई रोके और शांति का रास्ता चुने। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''संयुक्त राष्ट्र महासभा में 51 देश यूक्रेन के समर्थन में एकजुट हैं। मार्च 2025 से यूक्रेन पूर्ण, तुरंत और बिना किसी शर्त के युद्धविराम के लिए सहमत है। हम रूस से भी अपील करते हैं कि वह अब ऐसा ही करे। यूक्रेन शांति चाहता है। हम शांति चाहते हैं। रूस को अपनी सैन्य कार्रवाई रोकनी चाहिए, युद्धविराम स्वीकार करना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक पूरी तरह न्यायपूर्ण और लंबे समय तक टिकने वाली शांति के लिए गंभीरता के साथ बातचीत में शामिल होना चाहिए।'' यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने कहा कि काजा कल्लास और फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन नोएल बैरो के साथ मिलकर हमने यूक्रेन पर होने वाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक से पहले मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि रूस से एकजुट अपील है कि वह अपनी सैन्य कार्रवाई रोके और शांति का रास्ता चुने।

सिबिहा ने समर्थन में शामिल देशों यूरोपीय संघ, अल्बानिया, अंडोरा, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बोस्निया और हर्जेगोविना, बुल्गारिया, कनाडा, कोस्टा रिका, क्रोएशिया, साइप्रस, चेकिया, डेनमार्क, एस्टोनिया, फ?िनलैंड, फ्रांस, जॉर्जिया, जर्मनी, ग्रीस, होंडुरास, हंगरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इजरायल, इटली, जापान, लातविया, लिकटेंस्टीन, लिथुआनिया, लक्ज़मबर्ग, माल्टा, मोनाको, मोंटेनेग्रो, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्थ मैसेडोनिया, नॉर्वे, पोलैंड, पुर्तगाल, कोरिया गणराज्य, मोल्दोवा गणराज्य, रोमानिया, सैन मैरिनो, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड और यूनाइटेड किंगडम की ओर से जारी संयुक्त बयान पढ़ा। बयान में कहा गया, यूक्रेन के हालात पर चर्चा के लिए जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक हो रही है। हम संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और शांति के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराते हैं। हम यूक्रेन के साथ एकजुट होकर खड़े हैं, जो रूस के हमले का सामना कर रहा है। हम याद दिलाते हैं कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर सभी देशों की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता के साथ-साथ आत्मरक्षा के अधिकार को भी मान्यता देता है।

बयान के अनुसार, बड़े पैमाने पर युद्ध शुरू हुए चार साल, छह महीने और तीस दिन हो चुके हैं और इंसानी नुकसान लगातार बढ़ रहा है। पूरे यूक्रेन में आम नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे पर रूस के बढ़ते हमलों को लेकर हम बेहद चिंतित हैं। संयुक्त राष्ट्र के रिकॉर्ड के मुताबिक पिछले कुछ महीनों में इन हमलों की वजह से हताहतों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।

# एआई से सुरक्षा में सेंध: ऑस्ट्रेलियाई सरकारी वेबसाइट तक पहुंचा ओपनएआई एजेंट, पीएम अल्बनीज ने जताई नाराजगी



**मेलबोर्न, एजेंसी।** प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने गुरुवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया एक सरकारी वेबसाइट पर ओपनएआई की सुरक्षा में सेंध लगने की घटना से बेहद चिंतित और निराश है। क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ने इस बारे में जानकारी देने में बहुत ज्यादा समय लिया। अल्बनीज ने ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी सैम ऑल्टमैन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद इस सुरक्षा चूक की जानकारी सार्वजनिक की। दोनों ही अभी संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के लिए न्यूयॉर्क शहर में हैं।

**अल्बनीज ने क्या बताया :** अल्बनीज ने पत्रकारों से कहा, 'आज मैंने ऑल्टमैन से बात की और इस घटना को लेकर ऑस्ट्रेलिया की गहरी चिंता जाहिर की। मैंने इस बात पर भी निराशा जताई कि कंपनी को सरकार को यह बताने में बहुत ज्यादा समय लगा कि क्या हुआ था, और जिस तरह से यह जानकारी दी गई, वह भी मंजूर करने लायक नहीं था।

**क्या है पूरा माामला :** उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को ओपनएआई के एक एजेंट ने ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट में सेंध लगाई थी। ओपनएआई ने एक बयान में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के कई सरकारी विभागों से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा के दौरान, कंपनी को पता चला कि हमारे मॉडल ने ऐसे काम किए जो हमने करने के लिए नहीं कहे थे। अल्बनीज ने बताया कि ओपनएआई ने 10 सितंबर को एक सरकारी विभाग के सामान्य ईमेल पते पर ईमेल भेजकर ऑस्ट्रेलिया को इस सुरक्षा चूक के बारे में जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को घोषणा की कि सुरक्षा चूक की जांच के लिए एक जांच समिति बनाई गई है। अल्बनीज ने कहा कि इस जांच में यह देखा जाएगा कि क्या ओपनएआई पर कोई आरोप लगाया जा सकता है। इस जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि ओपनएआई के खुलासा करने से पहले ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियां इस सेंध का पता लगाने में क्यों नाकाम रहीं। अल्बनीज ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि किसी भी निजी जानकारी तक पहुंच नहीं बनाई गई थी। एआई एजेंट ने मेडिकेयर के आंकड़ों वाले एक सार्वजनिक पोर्टल तक अनधिकृत पहुंच बना ली थी।

अल्बनीज ने कहा कि उन्हें लगता है कि एआई द्वारा यह जांच करने के पीछे व्यावसायिक कारण थे कि खास दवाओं पर कितना खर्च हो रहा है और खर्च कहां बदल रहा है। उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि यह पहली बार था जब किसी एआई एजेंट द्वारा ऑस्ट्रेलियाई सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी सिस्टम तक अनधिकृत पहुंच बनाने का मामला सामने आया।

# पीओजेके में मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ प्रदर्शन


**जिनेवा, एजेंसी।** यूनाइटेड कश्मीर पीपल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर 'ब्रोकन चेयर' पर पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 63वें सेशन के दौरान किया गया, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में मानवाधिकारों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया गया।

**यूकेपीएनपी ने क्यों किया प्रदर्शन :** प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए। इसके साथ ही पीओजेके में लगातार हो रहे दमन, राजनीतिक पाबंदियों और बुनियादी अधिकारों के उल्लंघन की ओर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान खींचा। इस प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा पीओजेके में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर 5 जून को हुई गोलीबारी थी। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें कई आम नागरिक मारे गए और दर्जनों अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

**प्रदर्शनकारियों ने क्या मांग की :** प्रदर्शनकारियों ने घटना की निष्पक्ष जांच और नागरिकों के खिलाफ कथित तौर पर बल प्रयोग के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने की मांग की। यूकेपीएनपी ने इस क्षेत्र में आतंकवाद को लगातार बढ़ावा दिए जाने और उसे पनपने देने पर भी चिंता जताई। संगठन ने आरोप लगाया कि पीओजेके का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए एक अड्डे के तौर पर किया गया है। सभा को संबोधित करते हुए, यूकेपीएनपी के प्रतिनिधियों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय और यूएन के मानवाधिकार तंत्र से पीओजेके के हालात पर ध्यान देने और वहां के लोगों के अधिकारों और आजादी की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

**यूकेपीएनपी के चेयरमैन ने क्या आरोप लगाए :** समाचार एजेंसी से बात करते हुए, यूकेपीएनपी के चेयरमैन सरदार शौकत अली कश्मीरी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन और विरोध-प्रदर्शनों को बेरहमी से दबाने का आरोप लगाया। चेयरमैन ने कहा 'स्थानीय लोग बुनियादी अधिकारों और निष्पक्ष प्रशासन की मांग करने के कारण सरकार के कड़े दमन का सामना कर रहे हैं। आज हम पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में काम कर रही पाकिस्तानी सेना के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। लोग अपने बुनियादी अधिकारों के लिए विरोध कर रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पाकिस्तान सरकार उनकी तत्काल मांगों को मानने को तैयार नहीं है।' उन्होंने बुनियादी अधिकारों और स्थानीय संसाधनों पर नियंत्रण की शांतिपूर्ण मांगों को नजरअंदाज करने के लिए इस्लामाबाद की आलोचना की। उन्होंने कहा, '100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। 600 से ज्यादा लोगों को जबरदस्ती गायब कर दिया गया है। लगभग 1,500 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# अमेरिका ने जी20 के लिए पुतिन को भेजा न्योता, ट्रंप से मुलाकात की अटकलें तेज



**न्यूयार्क, एजेंसी।** सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिसंबर में होने वाले जी20 सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। इससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी मुलाकात की संभावना बढ़ गई है, हालांकि रुबियो ने यह भी साफ किया कि दोनों नेताओं के बीच किसी नए शिखर सम्मेलन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। रुबियो ने यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली के दौरान पत्रकारों से कहा, 'हमने राष्ट्रपति पुतिन को जी20 में आमंत्रित किया है।' उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन को उम्मीद है कि पुतिन निमंत्रण स्वीकार कर लेंगे, क्योंकि इस बैठक से उन्हें ट्रंप और दुनिया के अन्य नेताओं से बात करने का मौका मिलेगा। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या अमेरिका एक और ट्रंप-पुतिन शिखर सम्मेलन चाहता है तो उन्होंने जवाब दिया: इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है। रुबियो ने कहा कि अगर पुतिन शामिल होते हैं और बैठक का कोई मकसद होता है, तो दोनों राष्ट्रपति मिल सकते हैं। अन्यथा जी20 में भी उन्हें बात करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन मॉस्को के साथ बातचीत के लिए तैयार रहेगा, क्योंकि वह यूक्रेन में युद्ध को खत्म करना चाहता है। रुबियो ने कहा कि ट्रंप उन नेताओं से मिलने को तैयार थे जिनसे वे असहमत थे। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी बातचीत से कोई नतीजा निकलना है तो उसके लिए तैयारी की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता ऐसी बैठक होगी जिसका कोई नतीजा निकले, न कि सिर्फ इसलिए बैठक हो, क्योंकि नेता एक ही जगह पर हैं।

रुबियो ने कहा कि ट्रंप के पद संभालने के बाद से दोनों राष्ट्रपतियों ने टेलीफोन पर भी बात की है। उन्होंने अनुमान लगाया कि उन्होंने कम से कम 12 बार बात की है, हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके पास सटीक गिनती नहीं है। रुबियो की ये बातें ऐसे समय में सामने आई, जब अमेरिकी अधिकारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बारे में बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने अनाज और ऊर्जा से जुड़े सीमित युद्धविराम में रुचि दिखाई है, हालांकि इस तक पहुंचना मुश्किल होगा। रुबियो ने कहा कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ इस विचार पर चर्चा की थी। मॉस्को में स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर की बैठक में भी इस पर बात हुई थी। अगर वॉशिंगटन कोई रचनात्मक भूमिका निभा सकता है तो वह ऐसी व्यवस्था लाने में मदद करने को तैयार होगा। रुबियो ने कहा कि सीमित युद्धविराम से युद्ध खत्म नहीं होगा, लेकिन इसके व्यापक प्रभावों को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह एक व्यापक समझौते के लिए शुरुआती बिंदु हो सकता है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हर कोई मानता है कि यह युद्ध बातचीत के जरिए हुए समझौते से ही खत्म होगा।' ऊर्जा पर हमले एक बड़ी बाधा हैं। रुबियो ने कहा कि यूक्रेन रूस की तेल और गैस सुविधाओं पर हमला कर रहा है, जिनसे मॉस्को को राजस्व मिलता है। उन्होंने कहा कि रूस सर्दियों के आने पर यूक्रेन के बिजली ग्रिड को निशाना बना रहा है। इसलिए दोनों पक्ष ऊर्जा को अपने युद्ध के लक्ष्यों का हिस्सा मानते हैं। जी20 में अमेरिका, रूस, भारत और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। इसके नेताओं की बैठकों में औपचारिक कार्यक्रम के अलावा बातचीत के मौके भी मिलते हैं।

रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला किया। इस युद्ध का असर एनर्जी और फूड मार्केट पर पड़ा है, जिससे इन सेक्टरों पर हमलों को सीमित करने की कोशिशें दोनों देशों से कहीं ज्यादा अहम हो गई हैं।

## पंजाब में पराली जलाने की 27 घटनाएं, 10 की पुष्टि; 35 हजार का जुर्माना

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण की कवायद के बीच पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (पीपीसीबी) ने अपनी एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) जारी की है। 24 सितंबर तक के आंकड़ों के अनुसार पूरे राज्य में कुल 27 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें से 10 खेतों में मौके पर निरीक्षण के बाद इसकी पुष्टि भी हुई है। ये आंकड़े इसरो के मानक प्रोटोकॉल के तहत सैटेलाइट निगरानी पर आधारित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पीपीसीबी ने कुल 21 खेतों का निरीक्षण किया और 10 स्थानों पर पराली जलाने की पुष्टि हुई। इन मामलों में कुल 7 जगह पर्यावरण मुआवजा (ईसी) लगाया गया, जिससे 35,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। हालांकि, इसमें से अब तक केवल 10,000 रुपए ही वसूले जा सके हैं। जिलेवार आंकड़ों में अमृतसर में सर्वाधिक 13 घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें से 4 की पुष्टि हुई और 5,000 रुपए का जुर्माना लगाकर वसूल भी लिया गया। फिरोजपुर में 4 मामलों में से 3 की पुष्टि हुई, जहां 15,000 रुपए का जुर्माना लगा, जिसमें से 5,000 रुपए वसूले गए। यहां तीन फार्म रिकॉर्ड में रेड एंट्री और चार वार्निंग नोटिस भी जारी किए गए। पटियाला में एक मामला सामने आया जिसकी पुष्टि हुई और 5,000 रुपए का पर्यावरण मुआवजा लगाया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि इस मामले में वसूली गई राशि शून्य है और न ही कोई एफआईआर दर्ज हुई है या अधिकारियों पर कोई कार्रवाई की गई है। तरनतारन में 5 में से 1, होशियारपुर में दर्ज एकमात्र मामले में पुष्टि हुई। गुरदासपुर, शहीद भगत सिंह नगर में भी मामले दर्ज हुए हैं। जबकि बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट सहित कई जिलों में इस अवधि में पराली जलाने का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## कतर्नियाघाट में तेंदुए ने ली महिला की जान; ग्रामीणों में दहशत

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में तेंदुए के हमले में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना उस समय हुई जब महिला अपने घर के पीछे बाड़ी में सब्जी तोड़ने गई थी, तभी घात लगाए तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। इस दुखद घटना के बाद इलाके के ग्रामीणों में भारी दहशत और आक्रोश का माहौल व्याप्त है। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला अपने घर के पीछे सब्जी तोड़ रही थी, उसी दौरान तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया, जिससे उसकी जान चली गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन विभाग क्षेत्र में ऐसी अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए पिछले दो-तीन दिनों से गांव-गांव में जन-जागरूकता गोष्ठियां आयोजित कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा था। साथ ही, वन्यजीवों की निगरानी और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए प्रभावित क्षेत्र में प्रशिक्षित हाथियों के जरिए लगातार तीन दिनों से गश्त भी कराई जा रही थी। डीएफओ ने बताया कि घटना के बाद वन विभाग की टीमों को और अधिक सतर्क कर दिया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल या झाड़ियों वाले इलाकों के आसपास अकेले न जाएं और सावधानी बरतें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## काशी में एयर शो से पहले घाटों पर सफाई युद्धस्तर पर

वाराणसी (एजेंसी)। गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी के निशान से नीचे आने के बाद अब काशी के घाटों को साफ-सुथरा बनाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। आगामी 22, 23 और 25 अक्टूबर को नमो घाट पर प्रस्तावित भव्य एयर शो के मद्देनजर वाराणसी नगर निगम ने कमर कस ली है। बाढ़ का पानी उतरने से पक्के घाटों की सीढ़ियों और तटवर्ती इलाकों में भारी मात्रा में सिल्ट व कीचड़ जमा हो गई थी। इसे हटाने के लिए निगम के स्वच्छता अमले ने नमो घाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर विशेष अभियान छेड़ दिया है। पानी की बौछार से सीढ़ियों को धोने और गाद हटाने का काम तेजी से चल रहा है। अतिरिक्त सफाई कर्मियों और जेटिंग मशीनों की मदद से घाटों को पूरी तरह स्वच्छ, सुगम और सुरक्षित बनाया जा रहा है, ताकि एयर शो देखने आने वाले शहरवासियों और पर्यटकों को कोई असुविधा न हो।

## मध्य प्रदेश में मिले 70 फर्जी पासपोर्ट, एसटीएफ ने 6 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

भोपाल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश एसटीएफ ने संगठित फर्जी पासपोर्ट रैकेट की जांच में करीब 70 फर्जी पासपोर्ट का पता लगाया है। ये पासपोर्ट राज्य में अलग-अलग पतों का इस्तेमाल करके बनवाए गए थे। अब जांच में बड़े नेटवर्क और अधिकारियों की मिलीभगत की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एसटीएफ के डीआईजी ने शुक्रवार को बताया कि अब तक छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और फर्जी पासपोर्ट बनाने और हासिल करने के पीछे पूरे नेटवर्क का पता लगाने की जांच जारी है। डीआईजी ने कहा कि यह एक बहुस्तरीय मामला है और जांच अभी भी चल रही है। अब तक छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो दिन पहले की गई ताजा गिरफ्तारी भी शामिल हैं। 23 सितंबर को गयाप्रसाद गौतम को गिरफ्तार किया था। इससे पहले 25 अगस्त से 18 सितंबर के बीच रियाल चौधरी उर्फ भंते मेतानंद, विप्लब अधिकारी, प्रियन रॉय, जॉय चौधरी और नसीम अख्तर को गिरफ्तार किया था।

# गृहमंत्री शाह से मिले यूपी के डिप्टी सीएम, आगामी चुनाव को लेकर की चर्चा

### -डबल इंजन सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे

**लखनऊ, एजेंसी।**
यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव, संगठन की तैयारियों और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुलाकात के बाद केशव मौर्य ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी की लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के संकल्प को लेकर अमित शाह के साथ विस्तृत रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ।



उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता प्रदेशभर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाकर डबल इंजन सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे। डिप्टी सीएम मौर्य ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से आम लोगों तथा गरीब परिवारों को मिले लाभ की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाई जाएगी। इसके साथ ही विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को लेकर भी लोगों के बीच सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का संदेश पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी तैयारियों के साथ संगठन को भी और ज्यादा सक्रिय किया जाएगा। कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने और सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा।
उन्होंने विपक्ष के लंबे शासनकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 सालों में ऐसे कई कार्य हुए हैं, जो विपक्ष अपने लंबे शासनकाल में नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है और देश के विकास और विश्व पटल पर भारत की भूमिका मजबूत करने के लिए पीएम मोदी का नेतृत्व जरुरी है।
उन्होंने अमित शाह के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री का सांगठनिक अनुभव और मार्गदर्शन संगठन तथा सरकार को नई दिशा देने में अहम है। उन्होंने कहा कि शाह के सुझावों से आगे की रणनीति तय करने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन और सरकार के बीच समन्वय के साथ जनसंपर्क अभियान को और मजबूत किया जाएगा और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर जनता तक पहुंचाया जाएगा।

## कैप्टन अमरिंदर सिंह ने तोड़ी चुप्पी, विस चुनाव से पहले ऐलान, न कांग्रेस में लौटूंगा, न सीएम की दौड़ में हूं

चंडीगढ (एजेंसी) ।पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने लंबे समय बाद अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कांग्रेस में लौटने की संभावना से साफ इन्कार किया है। वहीं उन्होंने ये भी साफ किया कि भाजपा में रहकर उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ है और वह खुद को मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर मानते हैं। कैप्टन अमरिंदर का यह बयान विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह 2021 में नवजोत सिद्धू से विवादों के चलते कांग्रेस से अलग हो गए थे। उनके बाद चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया था। कांग्रेस छोडने के बाद उन्होंने अपनी एक नई पार्टी बनाई थी। बाद में उन्होंने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया था। अब उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनकी कांग्रेस में जाने की कोई योजना नहीं है। हालांकि, भाजपा में अपने भविष्य को लेकर उन्होंने निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा में उन्हें कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं मिली है। अमरिंदर सिंह ने खुद को मुख्यमंत्री पद की दौड़ से बाहर बताया है। उन्होंने कांग्रेस में वापसी की अटकलों को भी सिरे से खारिज कर दिया है। यह बयान आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर सकता है।



## बृजभूषण की मुश्किलें बढ़ीं: पहलवानों ने यौन उत्पीड़न मामले में बरी करने के फैसले को चुनौती दी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें फिर बढ़ी हैं। उन्हें यौन उत्पीड़न मामले में बरी करने के दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को महिला पहलवानों ने सेशन कोर्ट में चुनौती दे दी है। बीते 3 अगस्त को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण को इन आरोपों से बरी किया था। अब चार महिला पहलवानों ने फैसले के खिलाफ सेशन कोर्ट का रुख किया है, साथ ही सह-आरोपी विनोद तोमर की रिहाई को चुनौती दी है। महिला पहलवानों की अपील पर राउज एवेन्यू कोर्ट शनिवार को सुनवाई कर सकती है। याचिका में दावा किया है कि निचली अदालत का आदेश कानून की दृष्टि में मान्य नहीं है और उसमें सबूतों का गलत व चुनिंदा आकलन हुआ। अपील में आरोप है कि फैसला अनुमान और अटकलों पर आधारित था, जिसमें स्थापित कानूनी सिद्धांतों को सही ढंग से लागू नहीं किया गया। पहलवानों का कहना है कि आदेश में पीड़िता के व्यवहार को लेकर पुरानी रूढ़िवादी सोच को आधार बनाया गया। यह चुनौती बृजभूषण शरण सिंह की राजनीतिक और कानूनी मुश्किलें फिर से बढ़ा सकती है। राउज एवेन्यू कोर्ट से बरी होने के बाद सिंह ने अपने लिए बड़ी राहत बताया था।



उन्होंने कहा था कि यह फैसला उन सभी लोगों को बल देगा, जिन पर झूठे आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि इस मामले में ओलंपिक पदक विजेताओं और विपक्षी दलों सहित कई बड़े लोग शामिल थे। बृजभूषण ने हमेशा खुद पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। यह विवाद देश के सबसे चर्चित खेल और कानूनी मामलों में से एक रहा है, जिसकी शुरुआत 2023 में हुई थी, जब कई महिला पहलवानों ने 2016 से 2022 के बीच विभिन्न स्थानों पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।

## अखिलेश का रुख साफ कहा- जो जीत पाएं वो सीटें ले ले कांग्रेस

### – कांग्रेस के गढ़ में सपा ने तय कर दी गठबंधन की शर्त

**रायबरेली, एजेंसी।**
समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लोकसभा क्षेत्र रायबरेली से अपने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव अभियान का जोरदार आगाज किया है। उन्होंने गठबंधन की शर्तों को स्पष्ट करते हुए कहा, गठबंधन भी होगा, गठबंधन के साथ चुनौती भी होगीज हमारे लिए बात सीट की नहीं, जीतने वाली सीट की होगी। जो जीते, वह सीट ले ले। अखिलेश ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी पार्टी ने भाजपा को हराया था और अब 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की स्थायी हार सुनिश्चित करने के लिए काम किया जाएगा।
अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर अपनी पार्टी की प्राथमिकता को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि सीटों की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण जीतने की संभावना होगी, और जो उम्मीदवार या पार्टी किसी सीट पर जीत हासिल कर सकती है, उस सीट पर उसी का दावा होना चाहिए। 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में मिलकर चुनाव लड़ा था, जिससे दोनों दलों के प्रदर्शन में 2022 के विधानसभा चुनाव की तुलना में काफी सुधार हुआ था, जब वे अलग-अलग लड़े थे। अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को भाजपा और समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) सामाजिक गठजोड़ के बीच मुकाबले के तौर पर पेश किया। उन्होंने 'ए' के दायरे को और व्यापक करने की कोशिश करते हुए इसमें महिलाओं (आधी आबादी) को भी जोड़ने की बात कही। उन्होंने गाजीपुर में विश्वकर्मा परिवार से जुड़े कथित मामले और एक बिंद युवक का भी जिक्र किया, और कहा कि समाजवादी पार्टी विश्वकर्मा, लोध और पासी समेत इन समुदायों के लोगों को न्याय दिलाने के लिए काम करेगी।
सपा अध्यक्ष ने भाजपा की 'बुलडोजर राजनीति' पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पीडीए से जुड़े समुदायों को प्रशासनिक कार्रवाई के जरिए चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, जबकि सत्ता से जुड़े समुदायों के साथ अलग व्यवहार किया जाता है। अखिलेश ने कहा कि असमानता के खिलाफ संघर्ष जारी है और पीडीए के मतदाता अब अपनी राजनीतिक ताकत को समझ चुके हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि 'बुलडोजर राजनीति' करने वाले लोग पीडीए आंदोलन से बच नहीं पाएंगे, और इस बार चुनावी फैसला केवल ऐसी राजनीति को हराएगा नहीं, बल्कि उसे खत्म करेगा।



रायबरेली में सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने भी पार्टी के दावे को मजबूती से रखा और रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ बताए जाने पर सवाल उठाया। भारती ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने जिले की चार सीटें जीती थीं, और दो सीटों पर पार्टी बेहद कम अंतर से हारी थी। उन्होंने दावा किया कि अगर ये सीटें भी सपा के खाते में आतीं तो जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर पार्टी जीत दर्ज करती।

## जमुई छेड़छाड़ : माता-पिता ने सीएम से की सख्त कार्रवाई की गुहार

पटना(एजेंसी)। जमुई में छेड़छाड़ की शिकार हुई एक नाबालिग लड़की के माता-पिता ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर अपनी बेटी को परेशान करने वाले दरिंदों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री चौधरी ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि उनकी बेटी की सुरक्षा और शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। पीड़िता की मां ने मुख्यमंत्री चौधरी से अपील कर कहा कि अपराधियों को भी उसी डर और तकलीफ का सामना करना चाहिए, जो उन्होंने उनकी मासूम बेटी को दी है। उन्होंने भावुक होकर कहा, मेरी बेटी गिड़गिड़ा रही थी, अब उन दोषियों को भी गिड़गिड़ाना चाहिए। हालांकि, मां ने बिहार सरकार और पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि 24-48 घंटों के भीतर पहले तीन आरोपियों को पकड़ा गया और फिर एक मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी को दबोच गया। मुख्यमंत्री ने परिवार को भरोसा दिलाया है कि उनकी बेटी उनकी अपनी बेटी जैसी है और उसकी हर संभव मदद की जाएगी।

## अभिजीत का दावा- ज्ञानेश ने कई भाजपा नेताओं को हराया

### 48 घंटे में सीईसी ने इस्तीफा दें नहीं तो आंदोलन होगाःसीजेपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से 48 घंटे के भीतर इस्तीफे की मांग की है और ऐसा न होने पर राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी है। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीजेपी के अभिजीत दीपके ने यह चौंकाने वाला दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं के हालिया चुनावों में हारने की वजह ज्ञानेश कुमार हैं, हालांकि उन्होंने किसी नेता का नाम नहीं लिया। हाल ही में एक खोजी मीडिया रिपोर्ट के बाद सीईसी विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं, जिस पर सीजेपी ने भी अपनी आवाज़ बुलंद की है।
दीपके ने इस सवाल के जवाब में कि क्या विपक्ष को भी इस बार चुनाव से मना कर देना चाहिए, कहा कि अगर फ्री एंड फेयर चुनाव नहीं होता है तो कोई भी चुनाव न लड़े। भाजपा के नेता भी जो हारे इलेक्शंस उनको भी मैं कहना चाहता हूं सर आप भी



जीत सकते थे लेकिन आपको ज्ञानेश कुमार ने हराया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव से दूरी बनाने के सवाल पर कहा कि जिसको बात माननी है वो माने जिसको ना माननी है वो ना माने वो उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। ज्ञानेश कुमार के 48 घंटे में इस्तीफा न देने पर सीजेपी ने पूरे देश में आंदोलन की घोषणा की है। दीपके ने बताया कि हम हर राज्य जाएंगे, हम हर शहर जाएंगे और लोगों को जगाने की कोशिश करेंगे। जैसे एक हमने जंतरमंतर पर आंदोलन करने से पहले हम देश भर में गए थे। वैसे ही हम ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भी देश भर में जाएंगे।
सीजेपी ने कई प्रमुख मांगें रखी हैं, जिनमें मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा, एसआईआर प्रक्रिया की पूरी स्वतंत्र जांच, एसआईआर को रोकना और पहले की मतदाता सूची को बहाल करना शामिल है। इसके अलावा, सभी संबंधित एसआईआर रिकॉर्ड और फाइलों को उच्चतम न्यायालय या स्वतंत्र न्यायिक निगरानी वाली जांच को सौंपना, मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार और उन अधिकारियों की पहचान करना भी शामिल है, जिन्होंने विवादित बदलावों और निर्देशों को मंजूरी दी थी। दीपके ने चुनाव से छेड़छाड़ और वोट की चोरी को सबसे बड़ा मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि लोगों में गुस्सा पहले ही बहुत है। अच्छा होगा अगर ज्ञानेश कुमार 48 घंटों के अंदर इस्तीफा दे दें, नहीं तो ज्ञानेश कुमार के खिलाफ पूरे देश में आंदोलन होगा।

## प्रियंका गांधी का तीखा वार : चुनावी धांधली से आया है उनका ओवरकॉन्फिडेंस

**वायनाड, एजेंसी।**
चुनाव आयोग में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मतभेद की मीडिया रिपोर्टों के बाद सियासी गर्मागर्मी के बीच, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावों में धांधली करके अति आत्मविश्वासी हो गई है।
प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा के तर्क को घटिया बहाना बताया कि कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पाती, तब चुनाव की वैधता पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा, यह बहुत ही पुरानी और कमजोर कहानी है। तथ्य और सबूत पूरे देश के सामने हैं, जैसा कि मेरे भाई राहुल गांधी ने कई



प्रेसवार्ता में दिखाया है। यह बिल्कुल साफ है कि 13 करोड़ वोटरों के नाम हटाए गए हैं। प्रियंका ने चेतावनी दी कि यदि भाजपा चुनावों में गड़बड़ी कर रही है और चुनाव आयोग से यह काम करा रही है, तब यह देशद्रोह का काम है और उन्हें इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर चुनावों में धांधली कर ओवरकॉन्फिडेंट होने का आरोप दोहराया। उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाकर कहा कि यदि वे ऐसा कर रहे हैं, तब वे इस स्वीकार क्यों नहीं करते? वे किस बात से डरते हैं? उन्होंने कहा कि वर्षों से चुनावों में हो रही कथित धांधली ही उनके हर समय के ओवरकॉन्फिडेंस का स्वाभाविक कारण है।
यह हमला नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तीखा वार किया था। राहुल ने ज्ञानेश कुमार से इस्तीफा देकर वोट चोरी के मामले में सरकारी गवाह बनने की बात कही थी और उनके कृत्यों को देशद्रोह के समान बताया था।

# भारत न केवल अपनी जरूरतों बल्कि दुनिया के लिए भी तैयार कर रहा उत्पाद

### -पीयूष गोयल ने कहा-'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों ने नियमों को सरल बनाया

**नई दिल्ली,, एजेंसी।**
'मेक इन इंडिया' की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत न केवल अपनी जरूरतों के लिए विनिर्माण कर रहा है, बल्कि दुनिया के लिए भी उत्पाद तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल इस सरल विश्वास पर आधारित एक दृष्टिकोण है कि भारत दुनिया के लिए विनिर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक उपलब्धि नहीं है। यह हमें याद दिलाती है कि जब कोई देश अपनी क्षमताओं पर विश्वास करता है और सरकार निरंतर सुधारों और ठोस कदमों के जरिए उस विश्वास को मजबूती देती है, तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।
गोयल ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि 2014 को पीछे मुड़कर देखें तो भारत की विनिर्माण क्षमता को लेकर होने वाली बहसें याद आ सकती हैं। उस समय भारत में इस्तेमाल होने वाले कई उत्पाद आयात किए जाते थे। पीएम मोदी ने इसे हमारी नियति मानने से इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने ऐसे भारत की कल्पना की थी, जहां दुनिया भर में इस्तेमाल होने वाले उत्पाद गर्व से 'मेड इन इंडिया' का टैग लगाएंगे और अपनी गुणवत्ता के लिए पहचाने जाएंगे।
उन्होंने कहा कि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों ने नियमों को सरल बनाया है और अनुपालन का बोझ कम किया है। वहीं, प्रमुख क्षेत्रों में किए गए सुधारों ने निवेश और विनिर्माण के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। पीएलआई योजनाओं ने इसमें और गति दी है। 31 मार्च 2026 तक इन योजनाओं के तहत 2.40 लाख करोड़ रुपए का वास्तविक निवेश हुआ, 23.8 लाख करोड़ रुपए का उत्पादन/बिक्री दर्ज की गई और 15.2 लाख करोड़ रुपए का निर्यात हुआ। साथ ही, 14.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए।
केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह उस आत्मविश्वास की कहानी है, जो इस पहल ने पैदा किया है। हमारे स्टार्टअप संस्थापकों, उद्यमियों, निर्माताओं, नवोन्मेषकों, निर्यातकों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हमारे लोगों में यह विश्वास पैदा हुआ है कि भारत बना सकता है, भारत नवाचार कर सकता है और भारत दुनिया से प्रतिस्पर्धा कर सकता है।' गोयल ने जोर देकर कहा कि मेक इन इंडिया की यात्रा जारी है और अब इसका लक्ष्य और भी बड़ा है जिसमें भारत को वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनाना शामिल है, जो 2047 तक विकसित भारत के हमारे विजन को भी मजबूत करेगा।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com